नगर संस्करण । पेज : 12 | 01.01.2024 सोमवार | पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 169 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

2024 नव वर्ष की शुभकामनाएं

## न्यूज डायरी

### वित्त आयोग गठित पनगढ़िया होंगे अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में नये वित्त आयोग का गठन कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर इस फैसले की जानकारी दी है। श्री पनगढ़िया के अलावा ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव बनाया गया है।

### नये साल पर सभी मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**रांची।** नये साल 2024 के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ, रांची पहाड़ी मंदिर, देउड़ी मंदिर, छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना को बड़ी संख्या में लोग उमड़ेंगे। इसे देखते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। अधिकांश लोग नये साल की शुरूआत भगवान के आशीर्वाद से करते हैं। ऐसे में तड़के से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है।

### तहरीक-ए-हुर्रियत गैर कानूनी संगठन घोषित

**नयी दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त एक और संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत को गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

### बिहार-बंगाल में इडी छापा एक करोड़ कैश मिले

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी पटना और कोलकाता में की गयी। तलाशी के दौरान करीब एक करोड़ नगद मिले, जबकि 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

### ग्लव्स फैक्ट्री में भीषण आग बिहार के 6 मजदूरों की मौत

**संभाजीनगर।** रविवार तड़के महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक दस्ताने बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से करीब छह लोगों की मौत हो गयी। ये मजदूर बिहार और यूपी के रहनेवाले थे। आग सुबह करीब 02:15 बजे लगी। जबतक दमकल की गाड़ियां वहां पहुंचती पूरी फैक्ट्री में आग लगी हुई थी। अधिकारी अंदर गये और छह लोगों के शव बरामद किये।

### देश में कोरोना के 841 नये केस, पटना में एक की मौत

**नयी दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। देश में बीते 24 घंटों कोविड-19 के 841 नये मामले सामने आये हैं। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में केरल, कर्नाटक और बिहार में एक-एक व्यक्ति की संक्रमण से मौत हो गयी।

### शेरों का दीदार करने पहुंचे 1300 पर्यटक

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा के बीहड़ों में स्थापित चंबल घाटी के सफारी पार्क में नये साल की पूर्व संध्या पर रविवार को वन्यजीवों का दीदार करने करीब 1300 पर्यटक सफारी पहुंचे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख






होटल रेडिशन ब्लू में नये वर्ष की मस्ती

फोटो : समीर

विकसित भारत व आत्मनिर्भरता की भावना नये साल में बनाये रखें

# राष्ट्र प्रथम से बड़ा कोई मंत्र नहीं : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने देशवासियों से राष्ट्र को सबसे पहले रखने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत के विकास में हमें निरंतर जुटे रहना है। मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 108वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 अब कुछ ही घंटे दूर है। भारत की उपलब्धियां, हर भारतवासी की उपलब्धि है। हमें पंच प्राणों का ध्यान रखते हुए भारत के विकास के लिए निरंतर जुटे रहना है। उन्होंने कहा, हम कोई भी काम करें, कोई भी फैसला लें, हमारी सबसे पहली कसौटी यही होनी चाहिए कि इससे देश को क्या मिलेगा। इससे देश का क्या लाभ होगा। राष्ट्र प्रथम - इससे बड़ा कोई मंत्र नहीं। इसी मंत्र पर चलते हुए हम भारतीय, अपने देश को विकसित बनायेंगे, आत्मनिर्भर बनायेंगे। आज भारत का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है, विकसित भारत की भावना से, आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। 2024 में भी हमें इसी भावना को बनाये रखना है।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत अब रुकनेवाला नहीं



पीएम ने कहा, आप सभी 2024 में सफलताओं की नयी ऊंचाई पर पहुंचे, आप सभी स्वस्थ रहें, फिट रहें, खूब आनंद से रहें- मेरी यही प्रार्थना है। मेरा ये विश्वास रहा है कि जो देश इनोवेशन को महत्व नहीं देता, उसका विकास रुक जाता है। भारत का इनोवेशन हब बनना, इस बात का प्रतीक है कि भारत अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने सभी लोगों खास कर युवाओं से फिट इंडिया अभियान से जरूर जुड़ने का आह्वान किया। युवा स्वस्थ रहेंगे तो विकसित भारत का युवाओं को लाभ मिलेगा। पीएम ने कहा, महिला वैज्ञानिकों को लेकर गर्व का अनुभव होता है। हमें नये संकल्प लेने हैं। भारत को लेकर देश-दुनिया में हर तरफ आशा और उत्साह है।

पुलिस सख्त,नशा में वाहन चलाया तो लाइसेंस रद्द

# नये साल के स्वागत में डूबा पूरा झारखंड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे प्रदेश के लोग नये साल डूब गये। रविवार रात जैसे ही बारह बजा, होटलों क्लबों में मस्ती में डूबे लोगों ने साल 2023 को अलविदा कहा और नये वर्ष 2024 का उत्साह व उमंग के साथ स्वागत कर एक दूसरे को बधाई दी। होटलों में रशियन डांसर और डीजे ने खूब धमाल मचाया। वहीं गली मोहल्लों, पार्कों, सोसायटियों में भी लोगों ने नये साल के जश्न में पार्टी का आयोजन किया। वहीं साल 2023 के आखिरी दिन रविवार की छुट्टी के कारण रांची और आसपास के सभी पार्कों, जलाशयों और बांधों में काफी चहल-पहल दिखी।

### नये साल की पहली सुबह में रहेगा कोहरा

राज्य के 24 जिलों में से 15 जिलों में नये साल की पहली सुबह की शुरुआत घने कोहरे से होगी। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रांची, रामगढ, बोकारो, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां शामिल है। कोहरा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। दो को इन जिलों में हल्की वर्षा हो सकती है। मौसम केंद्र रांची ने लोगों से कोहरे के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

**सुरक्षा कड़ी :** पुलिस मुख्यालय ने पूरे राज्य में नये साल के मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। सभी जिलों के एसपी को पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में विशेष रूप से निगरानी को कहा गया है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आइजी (अभियान) अमोल वी होमकर ने नये साल के जश्न के दौरान शराब पीकर ड्राइविंग पर सख्ती को कहा गया है। पुलिस के अनुसार नशे में ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

# एम्स देवघर में बनेगा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र

कल नीव रखेंगे मांडविया, वायरल व अज्ञात बीमारियों की होगी त्वरित पहचान

- तीन राज्यों झारखंड बिहार और छत्तीसगढ़ का होगा मुख्यालय

**सुधीर**

**रांची।** देवघर एम्स में वायरल के साथ-साथ अज्ञात बीमारियों की त्वरित पहचान के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र खुलेगा। दो जनवरी की शाम पांच बजे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया दिल्ली से देवघर एम्स में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र का शिलान्यास करेंगे। यह केंद्र बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड का मुख्यालय होगा। इस केंद्र के जरिये इन राज्यों में वायरस बीमारियों की पहचान की जायेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री दिल्ली से एक साथ असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व झारखंड के देवघर में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की नींव रखेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक डॉ अतुल गोपाल, एडिशनल डायरेक्टर डॉ लता कपूर रहेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### केंद्र से क्या होगा फायदा




स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में सबसे पिछड़ा संथाल परगना अब तीन राज्यों को स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अग्रणी होने वाला है। हाल के दिनों में कई तरह के वायरस सहित ब्रेन मलेरिया, कोरोना, वायरस से जनित कई बीमारियों की यहां तुरंत पहचान हो पायेगी। रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन पर कड़ी निगरानी होगी। इससे रोगों की त्वरित पहचान करते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य और संरचना को मजबूती प्रदान करने में सहायता मिलेगी। कोविड सहित कई वायरस से नयी बीमारियां फैलने की बात सामने आयी है। इन रोगों की पहचान करते हुए इस पर कार्य योजना तैयार करने में स्वास्थ्य मंत्रालय को मदद मिलेगी। अलग-अलग वायरस फैलने के बाद इसकी पहचान इस केंद्र के माध्यम से की जायेगी।

### श्रीराम मंदिर और योगी बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर, सीएम योगी और एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। भारतीय किसान मंच के अध्यक्ष को आइएसआइ के नाम पर यह मेल भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। धमकी देने वाले जुबेर खान ने खुद को आइएसआइ का सदस्य बताते हुए यह धमकी दी है।

# खरसावां के शहीदों को आज नमन करेंगे राज्यपाल-सीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खरसावां।** खरसावां गोलीकांड की बरसी पर एक जनवरी को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत बड़ी संख्या में लोग शहीद स्थल पर वीर शहीदों को नमन करेंगे। शहीद स्थल पर सोमवार की सुबह सबसे पहले दिउरी द्वारा पूजा-अर्चना होगी। दिउरी विजय सिंह गागराई द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जायेगी। पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद ही शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देने का सिलसिला शुरू हो जायेगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपर बाद करीब पौने एक बजे शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह 12.35 : खरसावां के अर्जुना स्टेडियम में हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। बाद में 1.15 बजे श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। राज्यपाल सड़क मार्ग से दस बजे खरसावां शहीद पार्क पहुंचेंगे और श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उस समय मौजूद रहेंगे। शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देने का सिलसिला देर शाम तक चलेगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी।







भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी कोर कमिटी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक

# तीसरी बार मोदी सरकार, 400 पार का लें संकल्प : लक्ष्मीकांत वाजपेई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि जनता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा है। श्री वाजपेयी रविवार को चाईबासा के पार्टी कार्यालय में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश का सभी वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के सामाजिक, राजनीतिक और भावनात्मक सभी मुद्दों के समाधान केलिये ईमानदार प्रयास किये हैं। करिश्माई नेतृत्व और बूथ पर कार्यकर्ताओं की ताकत से तीसरी बार मोदी सरकार 400 सीट पार के साथ बनेगी। उन्होंने स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संगठन को राष्ट्रहित में आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024 को विजय वर्ष बनायें। उन्होंने कहा 2023 का अंतिम दिन भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन को समर्पित किया। पांच राज्यों के चुनाव में दशहरा, दीपावली भी घर से बाहर मनाया। उन्होंने कहा कि सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी भाजपा को बूथों तक पहुंचाना है। आज घर-घर मोदी सरकार की योजनाएं पहुंची है।

**हेमंत सरकार ने एकबार फिर दलित आदिवासियों को ठगा : अमर बाउरी**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का बड़ा लेबल लग चुका है। यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। सबसे बड़े कैश कांड पर प्रधानमंत्री जी ने चिंता व्यक्त करते हुए जनता को पाई पाई वापस लाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने फिर एक बार दलितों आदिवासियों को ठगा है। युवा झारखंड में 10 वर्ष पहले ही लोगों को बूढ़ा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन योजना का भी वही हाल होगा जो बेरोजगारी भत्ता का हुआ। उन्होंने कहा कि आज राज्य का युवा, महिला, किसान, मजदूर सभी गुस्से में हैं। अर्जुन मुंडा बैठक ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करती है। असहयोग का रोना रोती है। वहीं सच्चाई यह है कि हेमंत सरकार केंद्रीय योजनाओं के पैसे के खर्च का हिसाब नही दे रही है। खजाने में पैसे पड़े है खर्च नहीं हो रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन पर बल दिया है, जो सरकार पारदर्शी तरीके से खर्च कर रही है उसे पैसे की कोई कमी नहीं है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकास विरोधी लोग देश को जाति की राजनीति में उलझाना चाहते हैं। जबकि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास पर जोर दिया।

बैठक में सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गण शामिल हुये। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन सांसद आदित्य साहू ने किया।

चाईबासा में भाजपा एसटी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# आदिवासियों की सच्ची हितैषी सिर्फ भाजपा : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एसटी मोर्चा कार्यसमिति बैठक में कहा कि जहां दूसरी पार्टी के कार्यकर्ता पिकनिक एवं छुटियां मना रहे ,हैं वहीं झारखंड के दूर-सुदूर से भाजपा एसटी मोर्चा के कार्यकर्ता का आना ही कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। श्री मरांडी रविवार को चाईबासा के पिल्लई हॉल में एसटी मोर्चा की कार्यसमिति बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा को तीन राज्यों में जो विजय मिली है, उसमें आदिवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। तीनों राज्यों में एसटी रिजर्व सीट में भी भाजपा को सीटों में काफी बढ़त मिली है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन को बेचने वाले लोग अपने आप को झारखंड के हितैषी बनते घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन अलग राज्य के लिए नहीं बल्कि पैसा लेने के लिए लड़ा। अटल जी ने प्रधानमंत्री बनते ही यहां के आदिवासी मूलवासियों को अलग राज्य दिया। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य के आदिवासी समाज में हेमंत सरकार से काफी निराशा है। इस अवसर पर देवनारायण भगत के नेतृत्व में सैकड़ों आदिवासी समाज के लोगों ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को गांव के छोटे-छोटे पर्व त्योहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। इससे आम जनमानस में भाजपा के प्रति जनजाति समाज का जुड़ाव होगा।

बैठक में मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, निक्की हेम्ब्रम, गंगोत्री कुजुर, रामकुमार पहान, जेबी तुबिद, बड़कुंवर गागराई, लछ्मण टुडू, मिस्त्री सोरेन, अशोक बड़ाईक, मेनका सरदार, शशि भूषण सामड, जवाहर लाल बनरा, ताला मरांडी, मंगल सिंह सोय, अनंत राम टुडू, आरती कुजूर, गीता बालमुचू, सुकुमनी हेम्ब्रम, भूषण पाठ पिंगुवा, मंजीत सोरेन, अवधेश सिंह चेरो, बिंदेश्वर उरांव, विजय मेलगंडी, गणेश महली, रोशनी खालखो, सुनील फकीरा कच्छप, बिरसा मिंज, प्रिया करमाली, जगरनाथ भगत आदि उपस्थित थे।

# 2024 लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने आलाकमान को दिया फीडबैक

### झारखंड कांग्रेस के बड़े नेता रविवार को दिल्ली से रांची लौटे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में इंडी अलायंस के बीच गठबंधन का स्वरूप क्या हो, कांग्रेस पार्टी की उसमें क्या भूमिका हो और पार्टी की लोकसभा वार क्या तैयारी है, इसकी पूरी जानकारी आलाकमान को देकर झारखंड कांग्रेस के बड़े नेता रविवार को दिल्ली से रांची लौट आये हैं।

दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद सेवा विमान से रांची लौटे झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आलाकमान को राज्य की पूरी राजनीतिक परिस्थिति से अवगत कराया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन कितना तैयार है, सभी 14 लोकसभा सीट पर गठबंधन की जीत कैसे संभव हो, हम कहां-कहां अपने सहयोगी दलों की मदद कर सकते हैं, इसको लेकर पूरी जानकारी प्रदेश की ओर से केंद्रीय नेताओं को दे दी गयी है। जब सीट शेयरिंग के मुद्दे पर सभी दलों की बैठक होगी तब उसमें हमारे नेता अन्य दलों के नेताओं से बात करेंगे।

वहीं, दिल्ली से लौटने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि दो तीन स्टेज में बात हो रही है। राज्य में हम कितने सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, राज्य में अन्य सहयोगी दलों की क्या स्थिति है। इसके साथ-साथ कौन-कौन सीट पर किसकी क्या ताकत और कमजोरी है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश की ओर से कांग्रेस आलाकमान को दे दी गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अच्छी पहल

# मतदान केंद्रों पर उपलब्ध जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की करायी जायेगी सोशल ऑडिट

### हर बूथ पर किसी भी कमी या गैप को किया जायेगा दूर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश और पहल पर आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 के लिए राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। वर्तमान में झारखंड के मतदान केंद्रों में जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की स्थिति को लेकर सोशल ऑडिट स्टेट यूनिट की मदद से थर्ड पार्टी सामाजिक अंकेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। देश में संभवतः यह पहला अवसर है, जब निर्वाचन विषयों को लेकर स्वतन्त्र सामाजिक अंकेक्षण कराया जा रहा हो।

**जरूरी सुविधा उपलब्ध हो :** इस पहल को लेकर सीईओ के. रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का हमेशा से निर्देश दे रहा है कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सभी जरूरी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों। इन सभी केंद्रों पर त्योहार जैसा माहौल हो। इसलिए निष्पक्ष सामाजिक अंकेक्षण कराने का निर्णय लिया गया है, ताकि मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट मिल सके। रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई अंतराल पाया गया तो बूथों पर आवश्यक सुविधाओं को ससमय दुरुस्त और बेहतर किया जाएगा।

### सर्वेक्षकों का प्रशिक्षण

धुर्वा स्थित निर्वाचन कार्यालय के सभागार में राज्य सोशल ऑडिट यूनिट के सर्वेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि अंकेक्षण करने जिलों में जा रहे इन सर्वेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर अपेक्षित न्यूनतम जरूरी सुविधाओं और इससे जुड़े प्रावधानों की जानकारी मिल सके। इस प्रशिक्षण में सोशल आडिट टीम से जुड़े राज्य के सभी जिलों के सर्वेयर मौजूद रहे। उक्त सामाजिक अंकेक्षण का कार्य फरवरी में पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद किसी भी अंतराल या कमी को एक माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने की योजना है।

### प्रशिक्षण में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी धीरज कुमार, सोशल ऑडिट यूनिट के समन्वयक हलधर महतो सहित राज्य में सामाजिक अंकेक्षण के लिए गठित टीम के सभी सदस्य मौजूद थे।

# नियमावली लागू होने तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे बीआरपी-सीआरपी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नियमावली लागू कराने को लेकर बीते चार साल से राज्य के बीआरपी-सीआरपी आंदोलन कर रहे हैं। परंतु विभाग की ओर से नियमावली को कैबिनेट में नहीं भेजा जा रहा है। नतीजा, गुरुजी की मॉनिटरिंग करनेवाले बीआरपी-सीआरपी आज गुरुजी से भी कम मानदेय उठा रहे हैं। इन्हीं बिंदुओं को लेकर बीआरपी, सीआरपी एसएस संघ रांची जिला इकाई की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष जनक मुंडा की अध्यक्षता में हुई। इसमें संघ द्वारा आहूत पेन डाउन स्ट्राइक में शामिल सभी बीआरपी सीआरपी बंधुओं को धन्यवाद दिया गया और अपील की गई कि अपने सम्मान के लिए इसी तरह की एकजुटता बनाकर संघ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में आगे भी सहयोग देते रहेंगे। नियमावली लागू होने तक काला बिल्ला लगाकर अपने दैनिक कार्यों का निष्पादन करते हुए लोकतांत्रिक ढंग से अपना विरोध भी विभाग एवं सरकार के समक्ष दर्ज करते रहेंगे। बैठक में रांची जिला अध्यक्ष जनक मुंडा, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, कुलदीप सुरीन, राघवेंद्र नारायण सिंह, कृष्णा कुमार साहू साहित अन्य साथी उपस्थित थे।

धर्मेंद्र तिवारी ने कहा- लोकसभा के 7 और विधानसभा के 35 से 40 सीटों पर देंगे प्रत्याशी

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी जारी आम आदमी के समर्थन से भाजमो चुनाव में उतरेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए मामलों को उनकी पार्टी ने प्रमुखता से सरकारी तंत्र के समक्ष उठाया है। हमने जन मुद्दों का समाधान करने की दिशा में पहल करने का निरंतर दबाव भी सरकार पर बनाया है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के प्रयास से झारखंड के 20 जिलों में मोर्चा का काम हो रहा है। उन्होंने अलग-अलग कार्यों से, कार्यक्रमों से चाहे वह धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, रांची, पलामू, गिरिडीह आदि में हो, कार्यकर्ता पार्टी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं और आम जनता का भाजमो से जुड़ाव निरंतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे संरक्षक एवं अभिभावक सरयू राय ने संपर्क, समस्या और समाधान का मूल मंत्र हमें दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में जो व्यक्ति जनता के बीच में है। इनके सुख-दुख की सुध लेता है और जो हमारे उद्देश्यों को आत्मसात करेंगे। हम उन्हीं को अपना प्रत्याशी बनायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी 6 लोकसभा सीट और 35 से 40 सीटों पर अपना प्रत्याशी खड़ाकर आगामी विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के 8, उत्तरी छोटानागपुर के 6, कोल्हान के 8, संथाल परगना के 5 और पलामू प्रमंडल के 8 विधानसभा सीट चिन्हित हैं। दोनों चुनावों के लिए हमारी तैयारी चल रही हैं। नववर्ष के जनवरी महीने में कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी समीक्षा होगी। जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहेंगे। फरवरी महीने में बूथ स्तर की बैठक सभी प्रमंडल में तथा इसके बाद सभी जिलों में की जायेगी।

# ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में गड़बड़ी के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी पकड़े जाने के बावजूद अधिकांश जिलों में कार्रवाई नहीं हो रही है। विभाग ने स्पष्ट कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता सामने आने अथवा इसकी शिकायत प्राप्त होने के बाद भी कुछ मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि, जांच में गबन की पुष्टि होने पर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने, आरोप पत्र गठित करने, आरोपों के स्पष्टीकरण पर जिला प्रशासन का मंतव्य प्राप्त करने, गबन की राशि की वसूली करने, प्राथमिकी दर्ज करने आदि का निर्देश विभाग स्तर से कई बार दिया गया है। इसके बावजूद यह देखा जा रहा है कि लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी विभागीय आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हो सका है। ग्रामीण विकास विभाग ने जिले के अधिकारियों को कहा है कि वे सारे मामलों की जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर अनुपालन सुनिश्चित करायें। विभाग ने बोकारो, गिरिडीह, रांची, रामगढ़, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा-गढ़वा, देवघर, जामताड़ा सहित अन्य जिलों के लिए नये सिरे से जांच दल भी गठित किया है, योजनाओं का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देंगे।

### हिट एंड रन पर बने कानून जल्द वापस ले सरकार नहीं तो आंदोलन : निपु

**रांची।** भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामले में नियम सख्त हो गए हैं। नए नियम के तहत हिट एंड रन के केस में वाहन चालक पर 7 लाख रुपया तक का जुर्माना और 10 साल तक के सजा का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान का राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने विरोध करते हुए कहा कि यह सरकार का लाया हुआ कानून गलत है, जो भी ड्राइवर है वह कहीं न कहीं किसान और मजदूर का ही बेटा रहता है। अगर उसकी गाड़ी के नीचे कोई व्यक्ति आकर मर जाए तो वह बेचारा क्या कर सकता है? रूके तो पब्लिक मारकर खत्म कर देगी और भागे तो सरकार 10 साल की सजा करेगी। वह जाएंगे कहां? उन्होंने कहा कि ट्रक एसोसिएशन और सभी ट्रक ड्राइवरों की सहमति से यह कानून बनना चाहिए। इस पर सरकार को जल्द से जल्द विचार कर इस कानून को वापस ले। उन्होंने कहा कि अगर सरकार यह कानून वापस नहीं लेती है तो 16 जनवरी के बाद राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी इसका आंदोलन करेगा।

कांधा देते समय फफककर रोने लगीं दीपिका

# विधायक दीपिका ने पिता की अर्थी को दिया कांधा, मुखाग्नि भी दी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने रविवार की सुबह अपने दिवंगत पिता अरुण पांडेय को मुखाग्नि दी। सीठियो श्मशान घाट में उनके अंतिम संस्कार के मौके पर कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों के भी कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। इससे पहले दीपिका पांडेय के सेक्टर 2, धुर्वा स्थित आवास से शव यात्रा निकली गयी। अपने पिता को कंधा देते समय दीपिका आगे बढ़ीं तो वे फफक कर रोने लगीं। इस दौरान माहौल गमगीन भी हो गया। हर किसी की आंखें नम हो गयीं। इसके बाद शव यात्रा अरुण पांडेय के सेक्टर-2 स्थित मकान के पास ले जाया गया, जहां लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब आलम सहित कई गन्यमान्य लोग भी शामिल हुए।

मालूम हो कि अरुण पांडेय का स्वास्थ्य पिछले एक साल से खराब चल रहा था। वे अपनी बेटी दीपिका पांडेय के घर में ही रहते थे। लंबी बीमारी के बाद शनिवार को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे तीन बेटी व पत्नी को छोड़कर चले गए। महागामा विधायक दीपिका पांडेय उनकी सबसे बड़ी बेटी हैं। वहीं, एक बेटी कनाडा में रहती है, जो रविवार की सुबह तक रांची नहीं आ सकी। अरुण पांडेय 1973 से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय राजनीति में रहे थे। कांग्रेस के हर कार्यक्रम व लोगों की सेवा करने में वे हमेशा आगे रहते थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी कांग्रेस की सेवा में लगा दी थी। उनकी पत्नी प्रतिभा पांडेय भी झारखंड कांग्रेस महिला की अध्यक्ष के साथ-साथ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष भी रह चुकी है।

सीएम हेमंत सोरेन ने विपरीत परिस्थितियों के बीच राजनीतिक फतह की तैयारी तेज की

# चुनावी वर्ष होगा 2024, नये साल में सत्ता की सवारी के लिए चुनौती देगी सत्ताधारी सरकार

### चार वर्ष पूरा कर हेमंत सरकार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया

उदय चौहान

**रांची।** वर्ष 2024 में सत्ताधारी दल फिर से सत्ता की सवारी के लिए चुनौती देने वाली है। पिछले चार वर्ष पूरा कर हेमंत सरकार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीएम हेमंत सोरेन राजनीतिक राह तलाशने के लिए तैयारी तेज कर दी है। हालांकि, चुनावी वर्ष होने की वजह से जहां राजनीतिक हैसियत बनाकर रखना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए पहली प्राथमिकता होगी।

गौरतलब है कि सरकारी स्तर पर कई ऐसे फैसले लेने होंगे जो उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था। झारखंड में संविदाकर्मियों को नियमित करने का मुद्दा हो या पारा शिक्षकों का मसला, सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप निर्णय लेने होंगे। इसी तरह पारा शिक्षक, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक, वित्त रहित शिक्षाकर्मियों की मांगों को पूरा करना सरकार के लिए चुनौती भरा कार्य होगा। ऐसे संविदाकर्मियों की संख्या करीब ढाई लाख है। बड़ा मुद्दा है, वह सरकारी विभागों के खाली पदों को भरने का, जिसको लेकर युवा लगातार मांग करते रहे हैं। 2019 में जनता से यूपीए नेताओं के द्वारा वादा भी किया गया था। झामुमो, कांग्रेस और राजद ने मेनिफेस्टो के जरिए युवाओं को नौकरी का भरोसा भी दिया था। ऐसे में पांचवें साल सरकार को जेपीएससी और जेएसएससी की लंबित परीक्षा को आयोजित करने में तेजी लानी होगी।

### योजनाओं को पूरा करने और वादों को हकीकत में बदलने की चुनौती



राज्य सरकार के लिए अबुआ आवास योजना के माध्यम से घर देने की होगी। चालू वित्त वर्ष के शेष बचे तीन महीने में दो लाख और वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में ढाई लाख आवास देना चुनौती होगा। मालूम हो कि दूसरी छमाही में विधानसभा चुनाव होगा। ऐसे में साढ़े चार लाख आवास बनाना सरकार के लिए बेहद ही कठिन काम होने वाला है। सबसे पहले 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण बिल, जिसे साल 2022 में विधानसभा से पारित कर राज्यपाल को भेजा गया, इसे राजभवन ने लौट दिया था। साल 2023 के शीतकालीन सत्र में फिर से इसे पारित कर सरकार ने राजभवन को भेजा है। यदि राजभवन फिर से इसे लौटाती है तो दूसरी बार लौटाये जाने पर मुद्दा बनेगा। सरना धर्म कोड का मुद्दा, जिसे राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित कर फैसला केंद्र के पाले में डाला है। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किये जाने के फैसले के जरिए सरकारी सेवकों को आकर्षित करने की कोशिश होगी। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में आम लोगों को अपनी निजी जमीन पर पेड़ लगाने पर प्रति वृक्ष पांच यूनिट बिजली फ्री देने का निर्णय सरकार ने लिया है। इससे मिडिल क्लास को आकर्षित करने का प्रयास होगा। संविदा पर नियुक्त एवं कार्यरत महिलाकर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की फैसला, जिससे महिला वर्ग का साथ हेमंत सरकार को मिलने की उम्मीद है। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 की स्वीकृति, नकल करते पकड़े जाने पर 3 साल तक की सजा अधिकतम 10 करोड़ तक का जुर्माना का प्रावधान कर शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने की कोशिश की गयी है। लब्बोलुआब यह कि मुख्यमंत्री के लिए साल 2024 कई मायनों में अहम होगा। सरकार से लेकर गठबंधन चलाना चुनौतियों से भरा होगा।

# स्वागत में रातभर झूमे राजधानीवासी

**2024 का**

## गर्मजोशी के साथ किया अभिनंदन

लोगों ने एक दूसरे को नये साल की दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के लोगों ने नए साल 2024 का गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार की आधी रात को राजधानी के लोगों ने साल 2023 को अलविदा कहा और उत्साह व उमंग के साथ नये साल का जश्न मनाया। जैसे ही घड़ी में 12 बजे, आतिशबाजियों से आसमान रोशन हो गया। इस मौके पर होटलों और क्लबों में विशेष व्यवस्था की गई थी। यहां रात भर लोगों ने नाच-गाकर जश्न मनाया। होटलों में रशियन डांसर और डीजे ने खूब धमाल मचाया। वहीं, घरों में लोगों ने परिवार संग टीवी पर न्यू ईयर कार्यक्रम का आनंद लिया। नए साल के स्वागत के लिए विभिन्न होटलों और रेस्तरां में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। कपल व अन्य युवक और बच्चों ने राजधानी के प्रमुख होटलों, और रेस्टोरेंट में जमकर मस्ती करते हुए लजीज व्यंजनों का लुत्फ बोनफायर के साथ उठाया। वहीं गली मोहल्लों, पार्कों, सोसायटियों में भी लोगों ने नये साल के जश्न में पार्टी का आयोजन किया।



### रेडिसन ब्लू में ब्लू बर्ड बैंड और सोनिया शील ने जोश दोगुना किया

होटल रेडिशन ब्लू में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की धूम रही। सोनिया शील के डांस पर युवाओं ने जमकर मस्ती की। ब्लू बर्ड के डीजे ने युवाओं का जोश दोगुना कर दिया। जैसे ही घड़ी की सूई 12 पर पहुंची, युवाओं ने एक-दूसरे से गले मिलकर न्यू ईयर की बधाई दी।





### जिमखाना क्लब में डीजे ने खूब झुमाया

जिमखाना क्लब में डीजे जॉनी अनेंस्ट ने रंग जमाया। क्लब के टर्फ मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने जम कर मस्ती की, देर रात तक लोग झूमते रहे। जैसे ही घड़ी की सूई 12 पर पहुंची, सदस्यों ने एक-दूसरे से गले मिलकर न्यू ईयर की बधाई दी।

### रांची क्लब में कमली बैंड ने किया धमाल

रांची क्लब में आयोजित इस गाला इवेंट में क्लब के सदस्यों ने देर रात तक खूब मस्ती की, ग्रीक थीम पर आयोजित इस न्यू इयर पार्टी में सदस्यों ने बैले डांस पर अपने को खूब थिरकाया। जैसे ही रात में घड़ी की सुइयां 12 पर पहुंची हॉल मौजूद महिला, पुरुष और युवक-युवतियों ने नये साल का जश्न पूरे उत्साह के साथ आतिशबाजी से स्वागत किया। मोबाइल से फोटो एंव सेल्फी लेकर सभी इस पल को यादगार बनाते रहे।



### कांके रिजॉर्ट में बॉलीबुड डांसर नम्रता ने झुमाया

कांके रिजॉर्ट में नये साल का स्वागत धूमधाम से किया गया। डीजी अवनी के साथ बॉलीबुड डांसर नमृता मल्ला ने सुपर हीट गाने दो घूंट गाने से कार्यक्रम में चार चांद लगाया। यहां हर कोई झूमने को विवश हो गया।

### हॉलिडे होम में डीजे आकाश व विदेशी डांसरों का जलवा

कांके रोड स्थित हॉलिडे होम में डीजे आकाश और विदेशी डांसरों ने ऐसा समां बांधा कि देर रात तक लोग झूमते रहे। बैले डांस पर देर रात तक युवाओं ने सेलिब्रेट किया। युवाओं में जोश देखने लायक था।

### डीजे सु के संग लोगो ने रॉक गार्डेन में की मस्ती

कांके रोड स्थित रॉक गार्डेन में लागों ने प्रकृति के बीच देर रात तक बॉलीबुड के सिंगर और डीजे सू ने लोगो को दर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही लगभग 300 लोगो ने रेंस्टोरेंट द रॉक के स्वाछिष्ट भोजन का अनंद लिया।

### बरियातू मैथन में डीजे फ्लोर पर रशियन डांसर ने झुमाया



बरियातू मैथन में डीजे फ्लोर पर रशियन डांसर के संग राजधानी के लोग देर रात तक झूमते रहे। जैसे ही घड़ी की सूई 12 पर पहुंची, युवाओं ने एक-दूसरे से गले मिलकर न्यू ईयर की बधाई दी और कोलकता से आए कलाकारों आतिशबाजी कर रौशनी से शहर को नहला दिया।

## ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के संचालन में संस्थाओं की मदद लेगी राज्य सरकार

**रांची।** राज्य सरकार ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के संचालन में संस्थाओं, संस्थानों की मदद लेगी। आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, झारखंड के मुताबिक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के द्वारा 14 कल्याण अस्पतालों का संचालन किया जाता है। इसे संस्थाओं के जरिये चलाने की पहल है। इसके लिए आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, रांची के स्तर से संस्थाओं, संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कल्याण आयुक्त के मुताबिक 14 ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के संचालन के लिए 2 जनवरी से 23 जनवरी 2024 तक प्रस्ताव समर्पित किए जा सकते हैं। आरएफपी डाक्यूमेंट्स के लिए मोरहाबादी स्थित आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय से संपर्क करना होगा। इसके बाद इसे अपने अनुरोध पत्र के साथ एक लाख रुपये के बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में जमा भी करने होंगे। अस्पताल के संचालन कार्य के लिए प्री-बिड 9 जनवरी 2024 को होगा।

### बेस्ट साड़ी प्रतियोगिता की विजेता रही प्रिया सिंह

## कार्निवल में खूब उमड़ी भीड़




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कार्निवल के चौथे दिन रविवार को भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिता की धूम रही। साल के अंतिम दिन खूब भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने कार्निवल आकर आनंद उठाया। सबसे पहले ट्रेजर हंट का आयोजन किया गया। बेस्ट मास्क कंपटीशन में काफी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा। जालिमाश बेस्ट मेकअप प्रतियोगिता में महिलाओं ने 2 मिनट में मेकअप कर दिखाया। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया। इसे कई राउंड में करना पड़ा। बेस्ट साड़ी कंपटीशन में काफी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने हिस्सा लिया। देर शाम बच्चों का फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहा जहां सैकड़ों बच्चे हिस्सा लिये। फैशन शो के निर्णायक और मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज प्रसाद एवं बिंदु प्रसाद उपस्थित थे। सेल्फी थीम था सेल्फी विद कुतुब मीनार एजहां लोगों ने कुतुब मीनार के चित्र के गुंबद को छूते हुए सेल्फी लिया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा शाहदेव, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाह देव, सौरव, गोपाल शाह देव, आनंद आदि सक्रिय है। इवेंट्स का आयोजन सिनेमैटिका के द्वारा किया जा रहा है।

### पीड़ित पति ने एसएसपी से न्याय की लगायी गुहार



**रांची।** पत्नी से पीड़ित पति ने रांची एसएसपी से न्याय की गुहार लगायी है। चुटिया थाना क्षेत्र निवासी दीपक सिंह ने रांची एसएसवी को आवेदन देकर कहा है कि उनके तीन सालों ने उसकी संपत्ति हड़पने के लिए पत्नी के इशारे पर जमकर पीटा है। गंभीर रूप से घायल हुए दीपक सिंह के आंख से खून निकल रहा था। पीड़ित ने सीनियर एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि चुटिया थाना ने मेडिकल रिपोर्ट और आवेदन देने के बाद उसके आवेदन पर कार्रवाई नहीं की,उल्टा डांट कर भगा दिया। सीनियर एसपी से दीपक सिंह ने यह कहते हुए न्याय की गुहार लगाई है कि अब तक समाज और कानून पीड़ित पत्नी को न्याय देती आयी है, अब पीड़ित पति को भी न्याय दिया जाए। उसने थाना में दिए आवेदन, मेडिकल रिपोर्ट और अपने घायल होने का फोटो भी दिया है।







### स्पीकर और सीएस से मिलेगा झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ

## मांगों को पूरा कराने की लगायेगा गुहार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ अपनी लंबित मांगों के लिए अब विधानसभा स्पीकर और मुख्य सचिव से भी मिलेगा। रविवार को सर्वे मैदान, कचहरी चौक (रांची) में आयोजित महासंघ के सचिव मंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। अध्यक्षता राज्य उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा ने की। बैठक में 25-26 नवंबर को संपन्न महासंघ के सम्मेलन में आए प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इसके बाद लंबित मांगों के लिए स्पीकर और मुख्य सचिव से जनवरी महीने के पहले सप्ताह में मिलने का विचार तय हुआ। लंबित मांगों में योग्य चतुर्थ कर्मियों की प्रोन्नति, रिम्स में कार्यरत नर्सों को पुराने पेंशन का लाभ, वन विभाग में कार्यरत दैनिक श्रम पुस्त कर्मियों के सेवा समायोजन सहित अन्य विषय भी शामिल हैं। बैठक में शैलेंद्र कुमार, देवेंद्र प्रसाद सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### चार जमीन कारोबारियों को निशाने पर लिया

## कोबरा गैंग के नाम पर जमीन कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड, घर पर बम से हमला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र कोबरा गैंग के नाम पर चार जमीन कारोबारियों से एक साथ रंगदारी की मांग की गई है। रंगदारी नहीं देने पर चारों को एक साथ जान से मार देने की धमकी दी गई है। इतना ही नहीं, एक जमीन कारोबारी के घर पर तो धमकी देने वालों ने देसी बम से हमला भी किया है।

**चारों नगड़ी क्षेत्र में करते हैं कारोबार :** रांची के पुंदाग के रहने वाले दो जमीन कारोबारी मोहन शर्मा और राजेश से एक-एक करोड़ रुपए की रंगदारी कोबरा गैंग के द्वारा मांगी गई है। वहीं रांची के ही डोरंडा के रहने वाले जमीन कारोबारी हीरालाल साहू और पंडरा के मेजर कोठी के जमीन कारोबारी अखिलेश से भी रंगदारी मांगी गई है। चारों जमीन कारोबारियों को एक ही नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया है और सबसे एक-एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। दिलचस्प बात यह है कि चारों जमीन कारोबारियों से कोबरा गैंग के नाम पर ही रंगदारी मांगी गई है और चारों कारोबारी रांची के नगड़ी इलाके में ही जमीन का कारोबार करते हैं।



**मोहन शर्मा के घर पर बम से हमला :** पुंदाग के रहने वाले जमीन के कारोबारी मोहन शर्मा के घर रविवार को किसी ने बम से हमला किया है। हालांकि बम से कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस यह जांच कर रही है कि विस्फोट पटाखा से किया गया था या सुतली बम से।

**कोबरा गैंग के नाम पर मिली कारोबारियों को धमकी:** चारों जमीन कारोबारियों से कोबरा गैंग के नाम पर रंगदारी मांगी गई है और धमकी दी गई है। चारों को यह निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द रंगदारी के पैसे का उपाय कर उन्हें सूचना दें, अन्यथा सभी को अपने जान से हाथ धोना पड़ेगा।

**जांच में जुटी पुलिस :** रांची पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। जिस नंबर से जमीन कारोबारियों को धमकी भरे मैसेज आए हैं उसकी जांच टेक्निकल सेल के द्वारा की जा रही है। पुलिस के अनुसार जल्द ही इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल जिन कारोबारियों को धमकी मिली है उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।









## आज का राशिफल
**01-01-2024**

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। **मास** : पौष, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : पंचमी 14:29 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : मघा 08:36 बजे समाप्त। **योग** : आयुष्मान 04:35 बजे प्रातः में समाप्त। **करण** : तैतिल 14:29 बजे तक, तदनंतर गर 03:50 बजे रात्रि में समाप्त। **चंद्रायु** 19.0 घंटे। **दिशाशूल** : पूर्व।

**मेष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेंगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें। शुभांक-2-4-6

**कर्क** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-6-7

**सिंह** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। शुभांक-3-6-8

**कन्या** : व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

**धनु** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

**मीन** : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

# झारखंड की कला और संस्कृति को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य : मदन महतो

## पांच परगना कला सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पांच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन, बिरसा प्रगतिशील समिति और नवोदय स्वयंसेवी संस्था के सौजन्य से डोरिया स्थित संत जॉन स्कूल परिसर में एक भव्य पांच परगना कला सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सिल्ली, सोनाहातू, बुंडू, राहे, तमाड़, अड़की के कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। मौके पर मदन महतो ने कहा कि हमारा उद्देश्य झारखंड की कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है।




राजा बाड़ी से हजारों की संख्या में एक जुलूस महेंद्र नाथ शाहदेव (मुंडा राजा) और सिल्ली राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव के अगुवाई में संत जॉन स्कूल परिसर पहुंचा। यह फिर एक भव्य कार्यक्रम के रूप में तब्दील हुआ। हर प्रखंड से आये कलाकारों ने मनमोहक झांकियां और नृत्य प्रस्तुत किये। अंतरराष्ट्रीय छऊ कलाकार सृष्टिधार महतो और झूमर, भादरिया कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। राजा महेंद्र नाथ शाहदेव ने कहा कि ये कार्यक्रम पांच परगना के लिए सांस्कृतिक उलगुलान है।

मौके पर केंद्रीय संरक्षक प्रवीण कुमार, अध्यक्ष रमण गुप्ता, सचिव जगतपाल, कोषाध्यक्ष संजय कुमार साहू, बिरसा प्रगतिशील समिति के सचिव मदन महतो, अध्यक्ष रीता देवी, नवोदय स्वयंसेवी संस्थान संथापक अध्यक्ष करम सिंह मुंडा, उप सचिव ऊषा मुंडू, पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, ठाकुरदास, बजरंग पातर, उप सचिव अजय मुंडा, उपाध्यक्ष सुभाष गोस्वामी, रामसिंगर मुंडा, जगजीवन लोहार, अनंत महतो, समाजसेवी मेघनाथ मांझी, जगरनाथ मुंडा, बापी दे, पुरेंद्र महतो, कृष्ण मुंडा, सहदेव समीर सिंह, राजेंद्र जी समेत हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

पांच परगना के कलाकारों को पद्मश्री दिलवाना, पेंशन दिलवाना, आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य बीमा, रोजगार से जोड़ना, उनका सम्मान, कलाकारों के लिए सरकारी महोत्सव का आयोजन जैसे सूर्य मंदिर महोत्सव, सतीघाट महोत्सव, शिव टंगरा महोत्सव, नीलगिरी महोत्सव, बिशना बाबा महोत्स्व, देउड़ी महोत्सव, हाराडीह टुसू महोत्सव, उलीडीह महोत्सव को लेकर प्रत्येक प्रखंड में कला केंद्र जहां क्षेत्रीय एवं पारंपरिक कला संस्कृति का ट्रेनिंग आदि कार्यक्रम का उद्देश्य है।

# मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के 10 वर्ष पूरा होने पर बैठक 4 को



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने अपने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड की स्थापना को दस साल पूरे हो गये हैं। अपनी स्थापना के पहले दिन से, मजलिस मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए नियमित सेमिनार, सम्मेलन, बैठकें आयोजित करती रही है। अब जब मजलिस के दस साल पूरे हो गए हैं तो आपसी सलाह-मशविरा और बातचीत के लिए एक अहम बैठक रखी गई है। ताकि आपसी रिश्ते और भाईचारा और अधिक एकीकृत और स्थिर हो सके और भविष्य में मुसलमानों के राजनीतिक और सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक योजना तैयार की जा सके। इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए 4 जनवरी 2024 गुरुवार को रहमानिया मुसाफिर खाना,में नमाज जोहर के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। सभी राष्ट्रीय, संगठनात्मक, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और मस्जिदों, मदरसों, स्कूलों और मस्जिदों के उपदेशकों और सामाजिक और राजनीतिक नेताओं से भी अनुरोध है कि वे इस बैठक में भाग लें और कल्याण के लिए अपनी अच्छी सलाह दें।

# पहली बार रांची प्रेस क्लब को मिला है आदिवासी अध्यक्ष, बुलंद होगी आवाज : राजेश गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हाल ही में संपन्न हुए रांची प्रेस क्लब के चुनाव में नव निर्वाचित कमेटी को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है कि पहली बार रांची प्रेस क्लब को कोई सशक्त आदिवासी चेहरा मिला है। श्री गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित कमेटी के सदस्यों शुभकामनाएं दी है और आशा जताया है कि पत्रकारिता और पत्रकार हित में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### सुरेंद्र सोरेन के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नवनिर्वाचित कमेटी को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने दी बधाई

उन्होंने रांची के सभी पत्रकारों को भी बधाई है कि उन्होंने अध्यक्ष के लिए अनुसूचित जनजाति चेहरा को चुनाव किया है। यह डाइवर्सिटी का अच्छा उदाहरण है। श्री गुप्ता ने चुनाव के बाद गठित कमेटी को लेकर सरकार की उदासीनता पर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि आदिवासी हितों की बात करने वाली सरकार के द्वारा शुभकामना के दो शब्द नहीं कहने की उदासीनता व्यथित करने वाली है। बधाई और शुभकामनाएं देनेवालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर सूरज प्रेम नंदन मंडल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संजय मेहता ,उमेश जायसवाल ,प्रदेश सचिव अजय मेहता, संजय चौरसिया, सुरेश ठाकुर, राम लखन यादव, संगठन महासचिव शशि भूषण कुशवाहा, महादेव राणा, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, महानगर अध्यक्ष विष्णु कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, बालेश्वर ठाकुर, जगत लाल सोनी आदि शामिल हैं।

# मारवाड़ी युवा मंच ने सुपा एवं रूपडु गांव में किया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा अपने राष्ट्रीय कार्यक्रम आनंद सबके लिए के तहत कड़ाके की ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कई दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल का वितरण कर रहा है। मंच ने रविवार को रांची-सिल्ली मार्ग पर गोंदली पोखर ग्रामीण क्षेत्र के सुपा एवं रुपुडु गांव में जरूरतमंदों के बीच 120 कंबल एवं बच्चों के बीच टॉफी, बिस्किट का वितरण किया। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक चौधरी एवं मयंक बुधिया थे।



यह जानकारी देते हुए मंच के प्रवक्ता रमन बगड़िया ने बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी लगातार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, राजेश अग्रवाल, गौतम अग्रवाल, शान बड़ा गांव के शिवचरण जी एवं रुकना गांव के राजेश जी ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नववर्ष पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। नववर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को 127 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने बच्चों के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे संस्था की सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्या मीरा देवी आडुकिया और उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण)मंदिर के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल,उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, पवन पोद्दार, चन्दा देवी अग्रवाल के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ,प्रभु प्रेमी परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 127 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण किया गया।

अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, ओम प्रकाश सरावगी, अरविंद अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ), चन्द्रदिप साहु, परमेश्वर साहु महिला समिति कि विधा देवी अग्रवाल, सीता शर्मा, चन्दा देवी अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल समेत संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## राज्य खुदरा व्यावसायिक संघ की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**रांची।** चुटिया स्थित झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाय संघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र गुप्ता ने की। बैठक में संघ के महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने वर्ष 2023 के आय-व्यय प्रस्तुत किया। इसे सर्व समिति से स्वीकृति प्रदान की गई। संघ के मंत्री संजय पोद्दार ने नगर निगम में ट्रेड लाइसेंस संबंधी कठिनाइयों पर चर्चा करते हुये कहा कि रांची नगर निगम में ट्रेड लाइसेंस को लेकर परेशानियां बढ़ गई है। रांची में कई ऐसे छोटे-छोटे दुकानदार हैं, जो रेंट पर दुकान लेकर दुकान चला रहे हैं। ट्रेड लाइसेंस में दुकानदार से बिजली बिल एग्रीमेंट का पेपर सहित कई तरह के पेपर मांगा जाता है। इस संबंध में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ भी बैठक का ट्रेड लाइसेंस के संबंध में आ रही कठिनाइयों से अवगत करा दिया गया है। महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने कहा कि संघ को मजबूती प्रदान करने के लिये राज्य के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर योगेंद्र प्रसाद पोद्दार, अशोक अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, संजय अग्रवाल, संजय पोद्दार सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद थे।

# पाम इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक शोकेस आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पाम इंटरनेशनल स्कूल की पहल शोकेस का आयोजन किया गया। 'शिक्षण से प्रशिक्षण' नाम से अपने वार्षिक शोकेस में छात्रों ने स्कूल में पढ़ाए जा रहे विभिन्न विषयों से संबंधित 79 मॉडल प्रस्तुत किए। मॉडलों के विषय भाषा, विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन, ईवीएस, इस्लामी अध्ययन, जीके से लेकर सामाजिक समस्याओं के विभिन्न पहलुओं पर आधारित थे। मॉडलों में प्रमुख थे चंद्रयान 3, शहरी और ग्रामीण स्तर पर विकास, दूध का प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा और न्यायपालिका प्रणाली ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

स्कूल के चेयरमैन महमूद आलम ने यह संदेश दिया कि परियोजनाओं का प्रदर्शन असीमित है और उड़ान आकाश से ऊपर है। स्कूल के इस्लामिक पाठ्यक्रम के संचारक एवं एकेडेमिक हेड डाक्टर सायका महमूद द्वारा उल्लेखित प्रोग्राम डिजाइन किया गया जो कि बहुत ही कामयाब रहा।

## खबर एक नजर में

### आईफा इंटरनेशनल के छात्रों ने किया नये वर्ष का अभिनंदन

**रांची।** नए साल की शुरूआत में आईफा इंटरनेशनल ने रविवार को धमाकेदार उत्सव का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने नये वर्ष का स्वागत के लिए अपने चेहरे पर रंग लगाकर कलात्मक ढंग नए साल का अभिनंदन किया।इस कार्यक्रम में आलिया, आयशा, अल्मा हसन, शगुफ्ता, मिश्कत, निधि, हिर, हिबा ,आदि ने भाग लिया। आईफा इंटरनेशनल के निर्देशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने सभी छात्राओं को नववर्ष की बधाई दी।

### आर्मी पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव



**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव दीपाटोली कैंट रविवार को केरकेट्टा हॉल में मनाय गया। कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों के द्वारा वात्सल्य रस पर आधारित नृत्य नाटिका को प्रस्तुत किया गया। नन्हें बच्चों की नृत्य नाटिका ने सबका मन मोह लिया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य और मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को भी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पैटरन मेजर जनरल विकास,चौधरी,प्राचार्य श्री अभय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# जौहर एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जौहर एकेडमी धुर्वा में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित किया। प्रोग्राम में स्कूल के बच्चों ने दीन-ए- इस्लाम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारक जैसे मजिद-ए- अक्सा, काबा का विकास, पैगंबर नूह अलैहिस्सलाम की इतिहास पेश किए और बच्चों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रकार के विज्ञान के चमत्कार जैसे लावा लैंप, बिग बैंग सिद्धान्त, वैक्यूमर क्लीनर, रक्त परीक्षण, मानव नेत्र, ए.टी.एम. मशीन, ग्लोबल वार्मिंग, सौर ऊर्जा, हाइड्रोलिक ब्रिज, डैम, जल विद्युत का उत्पादन, स्मार्ट सिटी मॉडल इत्यादि प्रस्तुत किया गया।

# राम जानकी मंदिर जत्था ने प्राप्त किया अयोध्या का अक्षत कलश

### आज से घर-घर बांटे जायेंगे पूजित अक्षत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अयोध्या से आए पवित्र राम मंदिर जत्था द्वारा कलश अक्षत एवं आमंत्रण पत्र देवी मंडप दुर्गा मंदिर प्रांगण से वितरण किया गया। इस अवसर पर शाहदेव नगर राम जानकी मंदिर से एक जत्था श्री राम का नारा लगाते हुए देवी मंडप में पहुंचकर कलश अक्षत एवं आमंत्रण लेकर श्री राम मंदिर प्रांगण में आए। सभी हर्षोल्लास के साथ भगवा झंडों के साथ भजन कीर्तन करते हुए नगर भर्मण करते हुए कलश को लाया गया। इसमें मुख्य रूप से श्री राम जानकी मंदिर के पुजारी निर्मल



बाबा, राजेश साह, अरुण कुमार सिंह ,ललन सिंह, कुमुद झा, हलचल सिंह, अभय कुमार साहू, अरविंद साहू ,राकेश सिंह राखी मिश्रा, रीता राय, मौसमी राय, सुमन तिवारी, नीलू सिन्हा, मीरा देवी, आभा देवी, दीपिका विश्वास, रुक्मिणी देवी और आशा त्रिवेदी सहित कई महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

राजेश साह और अरुण कुमार सिंह ने बताया कि संपूर्ण देश समेत झारखंड में भी श्रीरामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उल्लास का वातावरण बना हुआ है। एक जनवरी से 15 जनवरी के बीच पूजित अक्षत 31 लाख से अधिक परिवारों तक पहुंचने के लिए संगठनात्मक दृष्टि से 344 प्रखंड के 4491 पंचायत तक पूजित अक्षत कलश पहुंच चुका है। विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित सभी अनुषांगिक संगठन के कार्यकताओं के 5000 से अधिक टोलियां पूजित अक्षत लेकर हर परिवार तक पहुंचेंगे।

### अक्षत कलश को कांके के विभिन्न मंदिरों में ले जाया गया

**रांची।** श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सिलसिले में अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश को लेकर रविवार को कांके क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में गयी, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पण कर और धूप-दीप दिखाकर कलश की वंदना की और भजनों के साथ स्वागत किया। सुबह लगभग 8 बजे हनुमान मंदिर, सुकुरहुटू नीचे टोला से बैंड बाजा और सुसज्जित वाहन के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कांके चौक, बीएयू परिसर होते हुये बीएयू के प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में गयी। मंदिर के आचार्य सुनील कुमार पांडेय ने मंत्रोच्चार के साथ कलश और शोभा यात्रा का स्वागत किया। मन्दिर में कलश स्थापित कर लोगों ने पूजा-अर्चना और आरती की। गायिका श्रुति देशमुख, कविता ओझा और उदय देशमुख की टीम ने भगवान राम को समर्पित सुमधुर भजन प्रस्तुत किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद महोत्सव का भव्य आयोजन होगा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डोरंडा स्थित स्वामी विवेकानंद चौक पर आयोजित होने वाली भव्य विवेकानंद महोत्सव को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता मुनचुन राय, कुमुद झा, अशीष आनंद, विपुल मिश्रा, अभिषेक चौधरी के साथ दिव्यम फाऊंडेशन के निशांत चौहान, कुशाग्र सिंह राजपूत उपस्थित थे।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के दिखाये गये मार्गों पर नई पीढ़ी की युवा शक्ति चले और उनके विचारों को अपने अंदर गढ़े तब ही देश के उत्थान में अपना योगदान दे पायेंगे। इस वर्ष आयोजन समिति का 10वां वर्ष जिसके लिए समिति के सदस्य पहले से ही कार्यक्रम की सफलता के लिये जुड़ गये हैं।

स्पीड न्यूज

## बचरा शिव मंदिर के पुजारी के पुत्र ने की आत्महत्या



**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा स्थित चार नंबर चौक के समीप बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के मुख्य पुजारी शिवनंदन पाण्डेय के पुत्र शेखर कुमार पाण्डेय उम्र 25 वर्ष ने मंदिर के आवासीय परिसर स्थित पेड़ में शनिवार अर्द्ध रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रातः घटना की जानकारी प्राप्त होते ही पिपरवार पुलिस घटनास्थल पर पर सदल बल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके उपरांत आत्महत्या का मामला दर्ज करने के पश्चात शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को लेकर चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना के संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कहा कि मृतक शेखर कुमार पांडे के आत्महत्या से जुड़े मामले की जांच की जा रही है वहीं दूसरी और आसपास के कुछ लोगों ने कहा कि मृतक विक्षिप्त था विगत कुछ दिनो पुर्व तीन से चार दिनो तक लापता भी था वही उनके घर वाले ने कहा भी शेखर कुमार पांडे का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था इसे लेकर रिनपास रांची में मृतक का इलाज भी चल रहा था।

## राजेंद्र महतो बने परामर्शदात्री सदस्य



**अनगड़ा ।** भाजपा अनगडा मंडल महामंत्री राजेन्द्र महतो को भारत सरकार रेल मंत्रालय दक्षिण पूर्व रेलवे के अन्तर्गत टाटीसिलवे स्टेशन के नागरिक सुविधा परामर्शदात्री सदस्य मनोनित किया गया है । इनके मनोनयन पर भाजपा खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो मडल अध्यक्ष रामनाय महतो उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि धनेनाथ महतो आदि ने बधाई दी है। और अशा व्यक्त किए हैं कि श्री महतो के टाटीसिलवे स्टेशन परामर्शदात्री सदस्य मनोनीत होने से टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन में नागरिकों को बेहतर सुविधा बहाल करने का प्रयास करेगें ।

## धोरधोरा धाम में ग्रामीणों की बैठक

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू व पिठोरिया प्रखंड के सीमांत में स्थित ऐतिहासिक धोरधोरा धाम में ग्रामीणों की बैठक समाजसेवी मोका प्रसाद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से धाम में आगामी 4 मार्च से 8 मार्च तक पांच दिवसीय यज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यज्ञ की सफलता को लेकर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में संरक्षक मोका महतो, हरि महतो, दशरश उरांव, सीटू मुंडा, अर्जुन महतो चुने गये। वहीं कमेटी के अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, सचिव मोतीराम महतो, कोषाध्यक्ष रामनरेश महतो बनाये गए। मौके पर काटमकुली, बरौदी, उरुगुट्ट, केवटीया, हेसलपिरी, पतरातू, मारवाएबंसरी आदि गांवों के सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बगैर हेलमेट बाइक चालकों पर होगी कार्रवाई

**चान्हो।** थाना के प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार सड़क सुरक्षा कानून के तहत दो पहिया चालक को थाना के समीप रोक कर जागरूक किया जा रहा है। हेलमेट पहनने की नसीहत दी जा रही है। फिर भी कुछ लोग अभी भी मोटरसाईकिल बिना हेलमेट के चला रहें हैं। एक जनवरी से यदि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट पहनकर यात्रा नहीं करते हैं तो सीधा कानूनी कार्रवाई होगी। चालान काटा जाएगा। कानून सबके लिए समान है। किसी के साथ नरमी नहीं बरती जाएगीए ना ही पैरवी सुना जाएगा। इसलिए कोई भी व्यक्ति चाहे लोकल में चल रहे हो या फिर लंबी दूरी तय करनी हो हेलमेट का होना अनिवार्य है।

# सैलानियों को लुभा रहीं जोन्हा-सीता फॉल की मनोरम वादियां

### नववर्ष का उमंग

विनिता सिन्हा

**सिकिदिरी।** प्रकृति ने अनगड़ा प्रखंड को कई एतिहासिक धरोहर एवं खुबसूरत वादियों से नवाजा है। इन्हीं वादियों को अपने गोद में समेटे प्रखंड के जोन्हाफॉल, सीताफॉल व गेतलसूद डैम अनगड़ा की ही नहीं रांची जिले की भी पहचान बनाती है। प्रकृति के गोद में बसे जोन्हाफॉल की सुंदरता का लुत्फ उठाने के लिए हजारों की संख्या में रांची सहित राज्य के अन्य जिलेए बिहारएपण्बंगाल से लोग आते हैं।

राजधानी रांची से जोन्हाफॉल की दूरी करीब 37 किमी है। रांची.पुरूलिया मार्ग होते हुए यहां पहूंचा जा सकता है। सड़क मार्ग के अलावे रेलमार्ग से भी पर्यटक यहां पहूंचते हैं। 140 फीट की उंचाई से अठखेलिया करते हुए गिरते झरने के पानी के फुहार से तरबतर सैलानी एक अलग रोमांच की अनुभूति करते है। पर्यटकों को झरने तक पहूंचने के लिए 450 सीढ़ी नीचे उतारना पड़ता है।



### गौतम बुद्ध के नाम पर गौतम धारा नाम पड़ा

जोन्हा फॉल में भगवान गौतम बुद्ध का एक प्राचीन मंदिर हैए मान्यता है कि भगवान गौतम बुद्ध ने यहां के शांत और रमणीक वातावरण में कुछ समय व्यतित किया था। इसलिये इस फॉल को गौतमधारा के नाम से भी जाना जाता है। कालांतर में बिड़ला परिवार के द्वारा यहां भगवान बुद्ध के मंदिर स्थापित किया गया। यह पर्यटकों के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जीवन रक्षक दल पर्यटकों की सेवा में तैनात रहते है। अनगड़ा थाना की पुलिस पर्यटकों की सुरक्षा में तैनात रहती है।

### सावधानी बरतें

यहां सीढ़ीयों में सावधानी बरतें। पानी के समीप जाकर सेल्फी लेने की सख्त मनाही है। मार्ग में कई जगह सड़क घुमावदार है इसलिये वाहन की गति पर नियंत्रण रखें। पर्यटन मित्रों व सुरक्षाकर्मियों के निदेशों का पालन अवश्य करें। अक्सर सावधानी नहीं बरतने के कारण ही यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अगर सैलानी सावधानी बरतें तो फॉल का खूब मजा ले सकते हैं।



### प्रकृति की गोद में बसा है गेतलसूद डैम

प्रकृति के गोद में बसा गेतलसुद डैम भी अनगड़ा को पर्यटन के क्षेत्र में पहचान दिलाता है। स्वर्णरेखा नदी पर हजारों एकड़ में बांधा गया डैम का पानी लोगों को बरबस अपने ओर आकर्षित करता है। सामान्य दिनों एवं नए साल पर भी पिकनिक मनाने के लिए यहां लोगों की भीड़ जुटती हैं। डैम के ईंटेक साइड में डैम का किनारा समुद्र के किनारे का एहसास कराता है। यहां नौका विहार का आनन्द लिया जा सकता है। परिवार के साथ लोग यहां वनभोज मनाने आते हैं। यह डैम राजधानी रांची से 30 किमी दूरी पर स्थित है। स्वर्ण रेखा नदी को बांधकर डैम का निर्माण किया गया है। रांची .पुरूलिया मार्ग से यहां पहुंचा जा सकता है। जंगलों व पहाड़ों से घिरे गेतलसूद डैम की मनमोहक वादियां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। डैम के आसपास विदेशी प्रजाति के सैकड़ों पक्षी जलक्रीड़ा करते नजर आटाए है। यहां सूर्योदय व सूर्यास्त का दृश्य मनमोहक होता है।

### रांची से 44 किमी की दूरी पर है सीता फॉल

रांची से 44 किलोमीटर की दूरी पर सीताफाल स्थित है। जोन्हाफॉल के बगल से चार किमी की दूरी तय कर यहां पहूंचा जा सकता है। यह फॉल निर्जन व सुनसान जगह पर स्थित है। यहां झरना का पानी 300 फीट की उंचाई से गिरता है। यहां स्थित एक प्राचीन मंदिर में माता सीता के पदचिन्ह साक्षात है। दंतकथाओं के अनुसार वनवास के समय माता सीता व लक्षमण के साथ प्रभु श्रीराम यहां कुछ दिन रूके थे। माता सीता इसी झरने के पानी से रसोई तैयार करती थी। माता सीता के नाम पर इसे सीता फॉल के नाम से जाना जाता है। पक्की सड़क यहां तक पहुंचती है। लोग 350 सीढ़ीयां उतरकर मनमोहक फॉल के मनोरम दृयों का आनन्द उठाते है। प्रशासन के तरफ से यहां सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। जंगलों व पहाड़ों से घिरे होने के कारण यह फॉल अन्य फॉल के अपेक्षा ज्यादा खुबसूरत है। जोन्हा और सीता फॉल में पर्यटकों के लिए ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है।

## घर का ताला तोड़ नकद सहित आभूषण की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के मकुन्दा गांव में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर पंद्रह हजार नकद सहित लाखों रुपये के आभुषण चुरा ले गये। इस संबंध में भुक्त भोगी महिला ललिता देवी ने रविवार को थाना में लिखित सूचना दी है। ललिता देवी एक सप्ताह पूर्व अपने घर में ताला लगा कर बेटी के घर ठाकुरगांव के कनौज गांव गई हुई थी। इसी बीच मौका पाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने ललिता देवी को रविवार की सुबह घर का ताला टुटे होने की सूचना दी। सूचना पाकर घर आकर देखा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर अलमारी का लॉकर खुला हुआ और बक्से का ताला टुटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने बक्से व अलमारी में रखे पंद्रह हजार नगद सहित सोने का सात बेसरए एक अंगुठी, झुमका, कान की बाली तथा चांदी का छह जोड़ी पायलए तीन गले का चैन व क्लीप सहित टीवी का एक सेटप बॉक्स चुरा ले गयो। चोरी हुए अभुषणों की मुल्य करीब दो लाख रुपये आंकी गयी है। ललिता देवी घर में अकेले रहती है।

### रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार में लगी आग

**तमाड़ ।** प्राचीनकालीन मां दिउड़ी मंदिर के समीप स्थित कोमिडो कासा रेस्टोरेंट के बाहर रांची निवासी उमेश सिंह अपनी इनोवा कार को खड़ी कर रेस्टोरेंट के अंदर चले गये। कुछ देर बाद गाड़ी में अचानक आग लग गयी। प्रबंधक द्वारा त्वरित अग्निशामक यंत्र का छिड़काव कर आग पर काबू पाया गया। जिससे गाड़ी जलने से बच गया। आगलगी की घटना रविवार की रात्री आठ बजे की बतायी जा रही।

## जेएमएम जिला उपाध्यक्ष बनने पर अशोक मुंडा को दी गयी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला के केंद्रीय कमेटी की ओर से शनिवार को झारखंड युवा मोर्चा गठन किया गया। जिसमें ओरमांझी प्रखंड के अशोक कुमार मुंडा को रांची जिला का उपाध्यक्ष बनाया गया। अशोक मुंडा ने केन्द्रीय अध्यक्ष शिबु सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ केन्द्रीय व जिला समिति पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा है, जिस आषा व अपेक्षा के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन अपेक्षाओं को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जिला उपाध्यक्ष बनने पर जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, झामुमो के वरिष्ठ नेता हारून रशीद, प्रखंड अध्यक्ष नागेष्वर महतो, सचिव नरेश यादव, आकाश ठाकुर, दीपक मुंडा, अनिल उराव ,करमु मुंडा, सुधीर मुंडा, सुरेश मुंडा सहित पार्टी के कई कार्यकताओं द्वारा अषोक कुमार मुंडा के बधाई दी गई है।

## बेड़ो के कोकड़े गांव में हाथियों ने रौंद डाली किसानों की फसल

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में शनिवार की रात लगभग आठ बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के दो किसान अनुप मुंडा व लोदो मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है।

## नामकुम को हरा मेकॉन ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

### सद्भावना चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** 10वीं सदभावना चैंपियन ट्रॉफी फुटबाल टूनामेंट का खिताब मेकान स्पोर्ट्स रांची ने जीत लिया है। सिकिदिरी के फुटबाल मैदान में खेले गए टूनामेंट के खिताबी मुकाबले में मेकान ने सावना लकड़ा एफसी को 2.0 से हराया। खेल के पहले हाफ में मेकान की ओर से स्टार खिलाड़ी रोहित तिगा ने तीसरे मिनट में दर्शनीय गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अगमलाल ने इन्जुरी टाईम के 86 वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को 2.0 से जीत दिला दी । इस से पूर्व फाइनल मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि राज्य के श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोगता विशिष्ट अतिथि कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडाएकर्मकार कल्याण बोर्ड के सदस्य पारसनाथ भोगता व नेवरी पंचायत के पंसस मदन महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में रोजगार से लेकर हर सुविधा मुहैया कराने को लेकर कृतसंकल्पित है। मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने कहा कि लगातार दस सालों से फुटबाल टूनामेंट का आयोजन का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के युवा को तराशना है।

### विजेता टीम को मिला पुरस्कार

विजेता टीम मेकान स्पोर्ट्स रांची को 1 लाख 50 हजार रुपए नकद व ट्राफी उपविजेता नामकुम को 1लाख रुपए नकद व ट्राफी प्रदान किया गया। सेमीफाइनल में पहुंची लिटिल स्टार एफसी हुलहुंडू की टीम और एफसी गुमला की टीम को 20.20 हजार रुपए नकद राशि देकर पुरस्कृत किया।

## लापुंग : जरूरतमंदों को मिला कपड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के द्वारा रविवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग के ककरिया व पोकटा में जरूरमंदों के बीच 450 कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। जहां लोगों के बीच ठंड कपड़े में स्वेटरए जैकेटए कम्बलए शॉलए साड़ीए जीन्सए पैंटए सर्टए कुर्ती व बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। मौके पर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैंए ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा हैए जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों का जरूरत है और लोगों के जीवन मे खुसी ला सकती है। लोगों के जीवन की मुख्य आवस्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है जिसमें कपड़ा भी एक प्रमुख आवस्यकता होती हैए जो लोगों के तन ढकने के लिए आवश्यक है जो हमें हरेक मौसम में जरूरी होता है। कपड़ा बैंक के सदस्य निःस्वार्थ इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों को अपने खर्च से कपड़ा दे रहे हैं।

## मारुति मंगल परिवार ने अनगड़ा में जरूरतमंदों में बाटे 300 कंबल

**अनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में मारुति मंगल परिवार की ओर से रविवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम गरीब असहाय वृद्ध लोगो के बीच तीन सौ कम्बल बांटे गए । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ रिझू नायक रामशाय मुन्डा सहित मारुति मंगल परिवार के छोटन महतो बंटी सिंह मुन्हा छोटू मुन्डा बिरसा बेदिया विमलेश कुमार महतो इत्यादि मौजूद थे । कार्यक्रम का संचालन नीतेश कुमार ने किया।



एक नजर में

## कांके प्रखंड झामुमो ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित




**कांके।** झामुमो कांके प्रखंड ने झामुमो के केंद्रीय समिति द्वारा विभिन्न वर्ग संगठनों का विस्तार किये गये पदाधिकारियों को रविवार को सम्मानित कियाण्झामुमो के वरिष्ठ नेता अनमोल रतन सांचा के आवासीय कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारी जिला युवा मोर्चा के सचिव सोनू मुंडा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला सचिव सुजीत कुजूर उपाध्यक्ष सबीबुल रहमान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष झबूलाल महतो डीएसपीएमयू के सचिव अल्ताफ रजा को बुके व माला पहना कर सम्मानित किया गयाण्मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी समनूर मंसूरी जुल्फेकार खान हनीफ अंसारी अनमोल रतन सांचाएरजनी चंद्र पाहन चांद रंथु उरांव सहाबुद्दीन अंसारी सहित कई थे।

## बेड़ो : बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण



**बेड़ो।** स्वयंसेवी संस्था ओडीए और जामटोली लैम्प्स के संयुक्त तत्वाधान में हरिहरपुर जामटोली गांव के 75 वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सुमिता वर्माए सचिव आशीष कुमार तथा जामटोली लैंपस के अध्यक्ष चरवा उरांव समेत ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहराए पड़हा राजा विशाल उरांवए विशेश्वर हजामए एतवा महतो के साथ साथ कई लोग उपस्थित थे। संस्था के द्वारा पिछले वर्ष भी जामटोली गांव में कंबल का वितरण किया गया था। इधर कंबल के मिलने से वृद्ध पुरुष एवं महिलाओं में खुशी देखी गई।

## स्कूल के दो कमरों के निर्माण का शिलान्यास

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पतरातू करमाटांड़ में रविवार को डीएमएफटी फंड से दो अतिरिक्त कमरा का शिलान्यास किया गया। 19 लाख से बनने वाले भवन का शिलान्यास आजसू के प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, मुखिया पूजा किस्पोट्टा ने किया। मौके पर अमन शाहदेव ने कहा कि गांव के अन्य समस्याओं को भी दूर किया जायेगा। मौके बालगोविंद मुंडा, हीरालाल महतो, राजू नायक, जलेश्वर महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री से प्रभावित होकर थामा भाजपा का दामन : रामनारायण भगत



बेड़ो। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के छोटे सुपुत्र व्याख्याता सह शिक्षाविद रामनारायण भगतएकांग्रेस नेत्री नीतू मुंडा व अभय महली ने रविवार को चाईबासा में हुए प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा में शामिल हुए। वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडीएएसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद समीर उरांवए प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर व प्रदेश एस टी मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव के समक्ष मांडर विधानसभा के सैकड़ों कार्यकताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। शिक्षाविद रामनारायण भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रभावित और आकर्षित होकर हमलोगों ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का समग्र विकास हो गा। भाजपा की नीतिए सिद्धांत व कार्यक्रम से हमलोग प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि हमलोग भाजपा का एक निष्ठावान सिपाही बनकर देशहित व जनहित में मानवता की सेवा के प्रति तत्पर रहेंगे। मौके पर भाजपा कार्यकताओं में राजीव रंजन अधिकारीए बलराम सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# गांवों की खेल प्रतिभाओं को सुविधा प्रदान करना जरूरी

### सरना फुटबॉल टूर्नामेंट : भुरकुंडा को हरा केदल पहुंचा सेमीफाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** जेएसएफ क्लब बरतुआ गणेशपुर द्वारा ओरमांझी में आयोजित पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टुनामेंट का उद्घाटन रविवार को हुआ। बरतुआ खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का पहला मैच लपंगा आरएफसी भुरकुंडा बनाम भुमित एलेव रांची के बिच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। ट्राब्रेकर में भुरकुंडा की टीम 4-3 से विजयी रही। दूसरा मैच टोबो स्पोर्टिंग क्लब केदल बनाम ड्रेगन एफसी कुरूम के बीच खेला गया। इस मैच का भी निर्णय ट्राईब्रेकर से हुआ। जिसमें टोबो स्पोर्टिंग केदल की टीम 4-3 से विजयी हुई। दोनों विजेता टीम टोबो स्पोर्टिंग क्लब केदल बनाम लपंगा आरएफसी भुरकुंडा के बीच क्वार्टर फाइनल मैच के खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। बाद में रोमांचक हुइए ट्राब्रेकर में केदल की टीम ने भुरकुंडा को 9-8 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ उपस्थित गरीब वृद्ध व जरूरतमंदो के बीच कंबल भी वितरण किया। कहा खेल हमें जीवन में संघर्ष करने की सीख देती हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आंबेडकर झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता प्रीतम सांड लोहरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। कहा ग्रामीणा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है। गांव के युवा आज अभावों के बीच अपनी खेल प्रतिभा को निखारने को प्रयत्नषिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगिता आयोजन करने के लिए आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा प्रतियोगिता कराने का उदेष्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच व सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि प्रीतम लोहरा।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर मुख्य रूप से समाज सेवी चतुर साहू, आयोजन समिति के पूर्व मुखिया बिनोद बेदिया, शंकर करमाली, मोहित करमाली, रामराज महतो, वार्ड सदस्य संजू देवी, यमुना देवी, परमेरवर गंझू, नितीश मुंडा, अमरनाथ भोगता, अजय करमाली, नवीन कुमार, कामेष्वर बेदिया, प्रकाश बेदिया, विषुन बेदिया, विकास प्यारे के अलावे सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरूष ग्रामीण उपस्थित थें।

# स्वागत नव वर्ष

**आ**ज दुनिया नव वर्ष के उल्लास में डूबी हुई है। नव वर्ष नये प्रतिमान के साथ सभी के लिये सुखद संदेश लेकर आये यही कामना की जाती है। देश और झारखंड के लिये नया वर्ष चुनाव का वर्ष होगा। वर्ष के अप्रैल-मई माह में जहां देश में लोक सभा का चुनाव होगा वहीं साल के अंत में राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे। वर्षो से लंबित भगवार श्री राम का आयोध्या स्थित भव्य मंदिर का 22 जनवरी को शुभारंभ होने जा रहा है जो इस वर्ष ही नहीं इस सदी एक बड़ी घटनाओं में शुमार होगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन को लेकर होने वाली घटनाओं पर नजर रहेगी क्योंकि यह वर्तमान समय में दुनिया की सबसे बड़ी समस्या है जिसको लेकर दुनिया में विकसित और विकासशील निर्धन देशों के बीच रस्सा कस्सी चल रही है। विकसित देश कार्बन डायआक्साइड के उर्त्सजन को कम करने को तैयार नहीं है जबकि उनकी चाहत है कि दूसरे देश ऐसा करें। इसको लेकर सउदी अरब में हुई बैठक का कोई सशक्त परिणाम नहीं निकला है। मौसम परिवर्तन का सबसे अधिक असर भारत सहित वैसे देशों पर पड़ रहा है जहां कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है। वही रुस और यूक्रेन का युद्ध और इजरायल हमास का संघर्ष भी दुनिया के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर दुनिया के विकसित देशो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन देश की स्थिति तुलनात्मक रुप से बेहतर है। वर्ष 2024 में देश के अंतरिक्ष के क्षेत्र में दुनिया भर में चांद और सूरज की ओर जाकर रिकार्ड बनाया तो खेलों में भी बेहतरीन प्रदर्शन हुए। दुनिया के सबसे तेज आर्थिक विकास दर प्राप्त कर भारत ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खीचा और आत्मनिर्भर भारत के नारे को जमीन पर उतारने में सफलता पायी।

# चरम पर कोरोना

**सिं**गापुर के स्वास्थ्य मंत्री (एमओएच) ओंग ये कुंग ने कहा है कि कोविड-19 की नई लहर में सिंगापुर में संक्रमण के मामले संभवतः चरम पर पहुंच चुके हैं, इसलिए मास्क पहनने को अनिवार्य करने जैसे अतिरिक्त उपायों को लागू करने की आवश्यकता नहीं है। ओंग ने कहा, हम आकलन कर रहे हैं कि क्या हम अतिरिक्त एसएमएम (सुरक्षित प्रबंधन उपायों) के बिना इसका सामना कर सकते हैं। पिछले कुछ दिनों में संक्रमितों की अनुमानित संख्या में कमी आई है। मंत्री ने कहा, ह्यह्यऐसे संकेत हैं कि मामले थम गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने और गहन देखभाल की आवश्यकता संक्रमण के मामलों से कम रहती है। मामले लगातार चार सप्ताह से बढ़ रहे हैं। 12-18 नवंबर में संक्रमितों की संख्या 10,726 थी जबकि 10-16 दिसंबर में यह बढ़कर 58,300 हो गई। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के सॉ स्वी हॉक स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के एसोसिएट प्रोफेसर एलेक्स कुक ने चेतावनी दी, हमें यह याद रखना होगा कि गंभीर मामले आम तौर पर हल्के मामलों के चरम पर पहुंचने के बाद तेज गति से बढ़ेंगे। मंत्री ओंग ने स्वीकार किया कि क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के दौरान संक्रमण फैलने की आशंका है। सिंगापुरवासियों को बीमार होने पर मास्क पहनने और घर पर रहने तथा टीकाकरण कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों या गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए साल में एक बार टीकाकरण कराना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें संक्रमण जल्दी चपेट में ले सकता है। सिंगापुर में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं जो देश आते-जाते रहते हैं। इस कारण सिंगापुर से आने वालों की जांच पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कोरोना लगातार बढ़ रहा है और नये वर्ष में यह समस्या बनेगा ऐसी आशंका है।

# 2024 का संकल्प मितव्ययी हो समाज





- ललित गर्ग

> मितव्ययिता का महत्व शासन की दृष्टि से ही नहीं व्यक्ति एवं समाज की दृष्टि से भी है। हमारे यहां प्राचीन समाज में मितव्ययिता के महत्व को स्वीकार किया जाता था। किसी सामान की बबार्दी नहीं की जाती थी और उसे उपयुक्त जगह पहुंचा दिया जाता था। भोग विलास में पैसे नहीं खर्च किए जाते थे, पर दान, पुण्य किए जाने का प्रचलन था। पुण्य की लालच से ही सही, पर गरीबों को खाना खिला देना, अनाथों को रहने

**हमें** सालों भर खर्च में मितव्ययिता पर फोकस करना चाहिए। मितव्ययिता दिवस केवल बचत का ही दृष्टिकोण नहीं देता है बल्कि यह नियंत्रित इच्छा, आवश्यकता एवं उपभोग की आवश्यकता व्यक्त करता है। जीवन में सादगी, संयम, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण, त्याग एवं आडम्बर-दिखावामुक्त जीवन को प्राथमिकता देता है। इसी में विश्व की अनेक समस्याओं को समाधान निहित है और इसी में हमने कोरोना महाव्याधि से मुक्ति का मार्ग पाया है। असल में कोरोना महामारी ने जीवन को नये रूप में निर्मित करने की स्थितियां खड़ी की है, जिसका आधार मितव्ययिता एवं संयम ही है। जिसने इच्छाएं सीमित रखी, वह कभी दुःखी नहीं होगा। क्योंकि वह इस सचाई को जानता है कि इच्छा को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। तभी तो महात्मा गांधी ने कहा- सच्ची सभ्यता वह है जो आदमी को कम-से-कम वस्तुओं पर जीना सीखाए। मितव्ययिता भारतीय संस्कृति का प्रमुख आदर्श रहा है। सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए उसका बहुत बड़ा महत्व है। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे मितव्ययिता का दृष्टिकोण धुंधला होता जारहा है, कोरोना महामारी, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। यदि मितव्ययिता का संस्कार लोकजीवन में आत्मसात हो जाये तो समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण हो सकता है। बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा भी है कि अगर तुम जितना कमाते हो और उससे कम खर्च करते हो तो तुम्हारे पास पारस पत्थर है।

वर्ष 1924 में इटली के मिलान में पहला अंतर्राष्ट्रीय मितव्ययिता सम्मेलन आयोजित किया गया था और उसी में एकमत से एक प्रस्ताव पारित कर विश्व मितव्ययिता दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया। तभी से यह दिन दुनिया भर में बचत करने को प्रोत्साहन देने के लिए मनाया जाता है। मेरी दृष्टि में यह दिवस कोरा बचत का दिवस नहीं है, बल्कि यह अर्थ के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं संयममय जीवनशैली को अपनाने का दिवस है। जबकि दुनिया में अनियंत्रित इच्छाओं को बल दिया जा रहा है, जिसका परिणाम क्या होगा? इच्छापूर्ति के लिये, आवश्यकता को बढ़ाने और उसे पूरा करने के लिये हिंसा अनिवार्य हो जाती है। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा यानी कोरोना महामारियों का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि अर्थ की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। समस्या सामने आई- पदार्थ कम, उपभोक्ता ज्यादा। व्यक्तिवादी मनोवृत्ति जागी। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई तो दूसरी ओर गरीबी एवं अभाव की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में जलने लगा, तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गई। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया।

फ्रांसीसी विचारक विचारक ज्यां बोद्रियो ने आधुनिक उपभोक्तावाद की मीमांसा करते हुए कहा है कि पहले वस्तु आती है तो वह सुख देने वाली लगती है। अंत में वह दुःख देकर चली जातीहै। पहले वह भली लगती है, किन्तु अंत में बुरी साबित होती है। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये मितव्ययिता जरूरी है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने मितव्ययिता के लिये ही वीआईपी कल्चर पर नियंत्रण लगाया है। सामाजिक और राष्ट्रीय संपदा का अर्थहीन अतिरिक्त भोग और दूसरी तरफ अनेक-अनेक व्यक्ति जीवन की मौलिक और अनिवार्य अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए भी तरसते रहते हैं। एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं, दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। यह आर्थिक विषमता निश्चित ही सामाजिक विषमता को जन्म देती है। जहां विषमता है, वहां निश्चित हिंसा है। इस हिंसा का उद्गम है, पदार्थ का अतिरिक्त संग्रह, व्यक्तिगत असीम भोग, अनुचित वैभव प्रदर्शन, साधनों का दुरुपयोग। सत्ता का दुरुपयोग भी विलासितापूर्ण जीवन को जन्म देता है। जनता के कुछ प्रतिनिधि अपनी ही प्रजा के खून-पसीने की कमाई से किस कदर ऐशोआराम एवं भोग की जिन्दगी जीते हैं, यह भी सोचनीय है।

किसके पास कितना धन है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। महत्व इस बात का है कि अर्थ के प्रति व्यक्ति का दृष्टिकोण क्या है तथा उसका उपयोग किस दिशा में हो रहा है। प्रदर्शन एवं विलासिता में होने वाला अर्थ का अपव्यय समाज को गुमराह अंधेरों की ओर धकेलता है। विवाह शादियों में 35-40 करोड़ का खर्च, क्या अर्थ बबार्दी नहीं है। प्रश्न उठता है कि ये चकाचौंध पैदा करने वाली शादियां, राज्याभिषेक के आयोजन, राजनीतिक पार्टियां, जनसभाएं- मानवीय सभ्यता और संस्कृति के विनाश के ही कारण हैं। इस तरह की आर्थिक सोच एवं संरचना से क्रूरता बढ़ती है, भ्रष्टाचार की समस्या खड़ी होती है, हिंसा को बल मिलता है और मानवीय संवेदनाएं सिकुड़ जाती है। अर्थ केन्द्रित विश्व-व्यवस्था समग्र मनुष्य-जाति के लिये भयावह बन रही है। इसलिये विश्व मितव्ययिता दिवस जैसे उपक्रमों की आज ज्यादा उपयोगिता प्रासंगिकता है।

मितव्ययिता का महत्व शासन की दृष्टि से ही नहीं व्यक्ति एवं समाज की दृष्टि से भी है। हमारे यहां प्राचीन समाज में मितव्ययिता के महत्व को स्वीकार किया जाता था। किसी सामान की बबार्दी नहीं की जाती थी और उसे उपयुक्त जगह पहुंचा दिया जाता था। भोग विलास में पैसे नहीं खर्च किए जाते थे, पर दान, पुण्य किए जाने का प्रचलन था। पुण्य की लालच से ही सही, पर गरीबों को खाना खिला देना, अनाथों को रहने की जगह देना, जरूरतमंदों की सहायता करना जैसे काम लोग किया करते थे। पर आज का युग स्वार्थ से भरा है, अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर सुंदर महंगे कपडे.पहनना, फ्लाइट में घूमना, भोग विलास में आपना समय और पैसे जाया करना आज के नवयुवकों की कहानी बन गयी है।

## खास बात

### मैग्नेटर की खोज

**एस्ट्रोसैट,** भारत की पहली मल्टी-वेवलेंथ अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है, जिसने अल्ट्राहाई चुंबकीय क्षेत्र (मैग्नेटर) के साथ एक नए और विशिष्ट न्यूट्रॉन तारे से चमकीले सब-सेकेंड एक्स-रे विस्फोट का पता लगाया है। इससे मैग्नेटर्स की दिलचस्प चरम खगोल भौतिकी स्थितियों को समझने में सहायता मिल सकती है। मैग्नेटार ऐसे न्यूट्रॉन तारे हैं जिनमें अल?ट्राहाई चुंबकीय क्षेत्र होता है जो स्थलीय चुंबकीय क्षेत्र की तुलना में बहुत अधिक मजबूत होता है। सामा-?य रूप से कहें तो मैग्नेटर का चुंबकीय क्षेत्र पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से एक क्वाड्रिलियन (एक करोड़ शंख) गुना अधिक मजबूत होता है। उनमें उच्च-ऊर्जा विद्युत चुम्बकीय विकिरण के उत्सर्जन की शक्ति इन वस्तुओं में चुंबकीय क्षेत्र का क्षरण है। इसके अलावा, मैग्नेटर्स मजबूत अस्थायी परिवर्तनशीलता को प्रदर्शित करते हैं, जिसमें सामा-?य रूप से धीमी गति से घूमना, तेजी से घूमना, चमकीले लेकिन छोटे विस्फोट शामिल होते हैं जो महीनों तक चलते रहते हैं। ऐसे एक मैग्नेटर को एसजीआर जे1830-0645 कहा जाता था, जिसकी अक्टूबर 2020 में नासा के स्विफ्ट अंतरिक्ष यान ने खोज की थी। यह अपेक्षाकृत युवा (लगभग 24,000 वर्ष) और पृथक न्यूट्रॉन तारा है। एस्ट्रोसैट के साथ ब्रॉड-बैंड एक्स-रे ऊर्जा में मैग्नेटर का अध्ययन करने और इसकी विशेषताओं का पता लगाने के उद्देश्य के लिए प्रेरित होकर, रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) और दिल्ली विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एस्ट्रोसैट पर दो उपकरणों- बड़े क्षेत्र वाले एक्स-रे आनुपातिक काउंटर (एलएएक्सपीसी) और सॉफ्ट एक्स-रे टेलीस्कोप (एसएक्सटी) का उपयोग करके इस मैग्नेटर का समय और स्पेक्ट्रल का विश्लेषण किया है। एक मुख्य निष्कर्ष 33 मिलिसेकंड की औसत अवधि के साथ 67 छोटे सब-सेकंड एक्स-रे विस्फोटों का पता लगाना था। इन विस्फोटों में से एक सबसे चमकीला विस्फोट लगभग 90 मिलीसेकंड का रहा।ह्व यह जानकारी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित एक स्वायत्त संस्थान आरआरआई में पोस्ट-डॉक्टरल फेलो और अनुसंधान-पत्र के लेखक डॉ. राहुल शर्मा ने दी।

**अब** डीबीटी के माध्यम से गरीबों को मिलने वाला लाभ 100 प्रतिशत गरीबों तक सीधे पहुंच रहा है। अकेले डीबीटी की वजह से 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा गलत हाथों में जाने से बच रहे हैं। आज ये गर्व के साथ कहा जा सकता है कि घोटालों वाले उस दौर को देश पीछे छोड़ चुका है।
**-पियूष गोयल, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट



बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में 'काशी तमिल संगमम-2023' में सहभागिता का सुअवसर प्राप्त हुआ। भारत की विविधता से भरी और सांस्कृतिक समन्वय के भावनात्मक धागों से जुड़ी दो महान संस्कृतियों का अदभुत साम्य देखकर मंत्रमुग्ध हूं। **-अन्नपूर्णा देवी**



**भारतीय** संस्कृति एवं उसमें अंतर्निहित दिव्य आध्यात्मिक मूल्यों का अनुशीलन व प्रसार का अर्थ मानवता को उपकृत करना है। जीव में परमात्मा के अंश का अनुभव और आत्मवत व्यवहार करने की श्रेष्ठ भावना संस्कृति का वैशिष्ट्य है। **-अवधेशानंद गिरी**

# स्मार्ट और बुद्धिमान

## धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**स्मार्ट** होना और बुद्धिमान होना, ये दो अलग-अलग बातें हैं। 25 साल पहले, किसी के बारे में बात करते हुए, हम उसे बुद्धिमान कहते थे। लेकिन आजकल, अलग शब्दों का प्रयोग होता है। आजकल कोई परवाह नहीं करता कि आप बुद्धिमान हैं या नहीं। उनको एक ही फिक्र होती है कि क्या आप स्मार्ट हैं? अगर आप स्मार्ट हैं तो आप दुनिया में अपना काम निकाल सकते हैं - आज की अर्थव्यवस्था में आप पार लग जायेंगे। लेकिन बुद्धि का स्वभाव अलग है। बुद्धि हमेशा आपको कोई दौड़ जीतने के लिये तैयार नहीं करती। वास्तव में आप दूसरे से धीमें हो सकते हैं क्योंकि उन लोगों की अपेक्षा आप कहीं ज्यादा चीजें देख सकते हैं। जो लोग स्मार्ट हैं और सिर्फ इस कोशिश में हैं कि अपने जीवन का कोई छोटा उद्देश्य पूरा कर लें, हो सकता है वे वहां ज्यादा तेजी से पहुंच जाएं और हो सकता है लोग उनके लिये तालियां भी बजायें। लेकिन आपकी बुद्धि इतनी सारी चीजें ग्रहण कर रही होगी, कि वो आपको एक कदम भी उठाने नहीं देगी। अगर आप स्मार्ट हैं तो इसका मतलब ये होगा कि आपने अपने लाभ के लिये परिस्थितियों बना ली है। आप किस तरह के समाज में हैं, समय कैसा है, परिस्थिति कैसी है और आप किस तरह के लोगों के बीच में हैं! आज, वे लोग जो कुछ संकोच मे होते हैं, वे आम तौर पर बेवकूफ माने जाते हैं। बिना किसी संकोच वाले लोग स्मार्ट कहलाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कुछ खास परिस्थितियों का लाभ कैसे लिया जाये!

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध के बीच वर्ष 2024 का आगाज



## लेटर टू एडिटर

### पारदर्शी व्यवस्था

**निःसंदेह** सरकार के नये फैसले से बेरोजगार युवाओं को अलग-अलग ग्रुप में नौकरी के लिए अलग आवेदन करने व परीक्षा देने हेतु दूरस्थ केंद्रों पर जाने से होने वाली धन-समय की बबार्दी से राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी का देश के बेरोजगार युवाओं को एक ही बार परीक्षा देकर रोजगार मुहैया करवाने का फैसला काबिलेतारीफ है। लेकिन परीक्षा नियमित हो।
**- रविशंकर सिंह, रांची**

### जुर्माना मकसद नहीं

**यातायात** पुलिस लोगों का जमकर जुर्माना काटती है। पुलिस का काम लोगों की सहायता करना तथा नियमों की पालना करवाना है, न कि चालान काटना। नियमों को लेकर लोग पहले से ज्यादा सतर्क हैं। ज्यादातर लोग नियमों की पालना करते हैं पर ऐसे में केवल कम चालान काटने पर नोटिस जारी करना कहीं न कहीं गलत है। यह जनता को परेशान करने वाली बात है।
**- रमन कुकरेजा, रांची**

# नेताओं के विवादित बयानों पर संज्ञान ले न्यायपालिका

**अजय कुमार**

## न्याय

**न्यायपालिका** से आमजन को काफी उम्मीद रहती है। एक आम आदमी के लिए जब इंसाफ के सभी दरवाजें बंद हो जाते हैं तब अदालत उसके लिए ह्यआखिरी रास्ताह्ण साबित होता है। कई बार तो जब कोई पीड़ित इंसाफ के लिए अदालत की चैखट तक पहुंचने में असहाय-मजबूर नजर आता है तो अदालत स्वयं उसकी चैखट पर पहुंच जाती है। पीड़ित को इंसाफ दिलाती हैं। इसके लिए अगर जरूरी होता है तो अदालत अपनी निगरानी में जांच कमेटी तक गठित कर देती हैं। कई बार तो अदालत के फैसलों से सरकारें तक गिर और बन जाती हैं। यह सिलसिला आजादी के बाद से आज तक जारी है। तमाम ऐसे मामले हैं जिनको देश की विभिन्न अदालतों ने स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) लेकर सुलझाने और दोषियों को सजा दिलाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगर कभी कोर्ट को लगता है कि कोई सरकार या महकमा किसी विषय पर निर्णय लेने में विलंब या मनमानी कर रहा हैं तो वह ऐसे मामलों में स्वयं हस्तक्षेप करने से चूकती नहीं हैं। इतना ही नहीं अदालतें, कोर्ट की अवमानना के मामलों को भी स्वतः संज्ञान लेने से गुरेज नहीं करती हैं।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण इसकी सबसे बड़ी और ताजा मिसाल हैं, जिन्हें हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना का दोषी करार दिया था। प्रशांत भूषण ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ मानहानि संबंधी ट्वीट किया था। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत को अवमानना को दोषी करार देते हुए कहा था कि यह माना जाता है कि भारतीय न्यायपालिका का प्रतीक होने के नाते, सर्वोच्च न्यायालय पर एक हमले से देश भर में उच्च न्यायालय के साधारण वादी और न्यायाधीशों का सर्वोच्च न्यायालय से विश्वास उठ सकता है। हालांकि न्यायालय ने स्वीकार किया कि उसकी अवमानना शक्तियों का उपयोग केवल कानून की महिमा को बनाए रखने के लिये किया जा सकता है, इसका उपयोग एक व्यक्तिगत न्यायाधीश के खिलाफ नहीं किया जाना चाहिये जिसके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की जाती है।

शीर्ष न्यायालय को स्वतः संज्ञान की अवमानना शक्तियाँ संविधान के अनुच्छेद 129 द्वारा प्रदान की गई हैं। न्यायालय का अवमानना अधिनियम, 1971 के अनुसार, न्यायालय की अवमानना दो प्रकार की होती है। एक नागरिक अवमानना दूसरी अपराधिक अवमानना। नागरिक अवमानना में न्यायालय के किसी भी निर्णय, डिक्री, निर्देश, आदेश, रिट अथवा अन्य किसी प्रक्रिया या किसी न्यायालय को दिये गए उपकरण के उल्लंघन के प्रति अवज्ञा को नागरिक अवमानना कहते हैं। वहीं आपराधिक अवमानना के तहत किसी भी मामले का प्रकाशन है या किसी अन्य कार्य को करना है जो किसी भी न्यायालय के अधिकार का हनन या उसका न्यूनीकरण करता है, या किसी भी न्यायिक कार्यवाही में हस्तक्षेप करता है, या किसी अन्य तरीके से न्याय के प्रशासन में बाधा डालता है। न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 में दोषी को दंडित किया जा सकता है। यह दंड छह महीने का साधारण कारावास या 2,000 रुपए तक का जुमार्ना या दोनों एक साथ हो सकता है। इस कानून में वर्ष 2006 में एक रक्षा के रूप में ह्यसच्चाई और सद्भावना को शामिल करने के लिये संशोधित किया गया था। जब न्यायपालिका किसी खास आपराधिक घटना या फिर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर मुकदमा चलने में देरी नहीं करती है तो फिर देशद्रोही बयान देने वाले नेताओं उसमे भी खासकर सांसद/विधायक के मामलों को स्वतःसंज्ञान लेने से क्यों हिचकिचाती है।

# देश पर बढ़ते कर्ज का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

## आर्थिकी

**देश** में लगातार आर्थिक आंकड़ों को लेकर राजनीति हो रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत सारे लेख लिखे जा रहे हैं। देश और प्रदेशों के सार्वजनिक कर्ज में थोड़ा वृद्धि हुई है। यह वृद्धि बिल्कुल भी चिंताजनक नहीं है।

वर्ष 1951 में 24.62 लाख करोड़ रुपए का भारत पर सार्वजनिक कर्ज था। मार्च 2020 में 94.62265 लाख करोड़ रुपए भारत सरकार पर कुल देनदारी थी। इसमें मामूली वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार के कुल देनदारी जून 2020 तक 101.35600 लाख करोड़ रुपए हो गई।

वर्ष 1991 में भारत पर 85 बिलियन डॉलर का बाहरी कर्ज था जो वर्ष 2011 में बढ़कर 317 बिलियन डॉलर हो गया। मार्च 2020 में भारत पर लगभग 558 बिलियन डॉलर का विदेशी ऋण था। जून 2020 में देश पर बाहरी ऋण 3.9 बिलियन डॉलर घटकर 554 बिलियन डॉलर हो गया।

भारत के लिए सुखद बात यह है कि भारत आंतरिक ऋण पर ज्यादा और बाहरी ऋण पर कम निर्भर करता है। भारत की इस नीति की वजह से कुल कर्ज का लगभग 20 प्रतिशत बाह्य कर्ज है और शेष 80 प्रतिशत आंतरिक कर्ज है। यही कारण है कि भारत की वित्तीय स्थिति कोरोना महामारी के बावजूद भी मजबूत है।

देश के सभी राज्यों पर कर्ज का दबाव बढ़ रहा है। मार्च 2020 तक देश के सभी राज्यों पर कुल मिलाकर लगभग 40 लाख करोड रुपए का कर्ज था। मुझे लगता है कि मार्च 2021 तक सभी राज्यों पर 60 लाख करोड़ तक का कर्ज हो सकता है।

हाल ही में केयर रेटिंग के आंकड़ों से यह पता चलता है कि देश के लगभग सभी राज्यों पर लाखों करोड़ रुपए का कर्ज है। उत्तर प्रदेश पर 6.02 लाख करोड़ रुपए, महाराष्ट्र 5.02 लाख करोड़ रुपए, पश्चिम बंगाल 4.37 लाख करोड़ रुपए, तमिलनाडु 4.04 लाख करोड़ रुपए, राजस्थान 3.43 लाख करोड़ रुपए, आंध्र प्रदेश 3.41 लाख करोड़ रुपए, गुजरात 3.26 लाख करोड़ रुपए, कर्नाटक 3.17 लाख करोड़ रुपए, केरल 2.66 लाख करोड़ रुपए, मध्य प्रदेश 2.34 लाख करोड़ रुपए, पंजाब 2.30 लाख करोड़ रुपए, तेलंगाना 1.68 लाख करोड़ रुपए और उड़ीसा पर 1.33 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है।पंजाब राज्य में प्रति व्यक्ति देनदारी 82771 रुपए, हरियाणा 81287 रुपए, केरल 79771 रुपए, तमिलनाडु 56134 रुपए, गुजरात 53931 रुपए, कर्नाटक 51981 रुपए, पश्चिमी बंगाल 47881 रुपए, महाराष्ट्र 44734 रुपए, मध्य प्रदेश 32354 रुपए और उत्तर प्रदेश राज्य पर 30136 रुपए प्रति व्यक्ति देनदारी है।कर्ज लेना आवश्यक था। इससे अर्थव्यवस्था पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि उत्पादकता बढ़ेगी। देश का विकास होगा। देश के लोगों को राहत मिलेगी। कोरोना महामारी को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को अतिरिक्त कर्ज लेना पड़ा। यह फैसला जनहित को ध्यान में रख कर लिया गया जो सर्वथा उचित है। इसकी प्रशंसा होनी चाहिए।

भारत आंतरिक ऋणों पर सदैव ज्यादा निर्भर रहा है। बाहरी ऋणों पर भारत की निर्भरता कम रही है। किसी भी देश का सार्वजनिक ऋण जीडीपी के 77 प्रतिशत से अधिक होने पर ही चिंता का विषय होता है। अभी भारत की स्थिति बहुत बेहतर है क्योंकि भारत का कुल सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के अनुपात में लगभग 71 प्रतिशत के बराबर है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सेवा समिति ने गरीबों को दिया कंबल



रामगढ़। तीन दिनों से शहर सहित जिलाभर में कोहरे और शीतलहर के प्रकोप से गरीब और बेसहारा लोगों को को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे ध्यान में रखकर झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार की रात्रि शहर के बिजुलिया रेलवे स्टेशन, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, रांची रोड रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर गरीब और जरूरतमंदों के बीच सैकड़ों की संख्या में कंबलों का वितरण किया गया। अमित सिन्हा ने कहा कि हमारी संस्था का गठन ही गरीब और जरूरतमंदों की सेवा के लिए किया गया है। उन्होंने कहा की जहां भी जरूरतमंद लोगों के मदद की बात आती है हमारी संस्था ने हमेशा बढ़ चढ़कर योगदान किया है। कहा की कड़ाके की ठंड और रिक्शा चालक और मजदूरों की परेशानी को देखते हुए झारखंड सेवा समिति ने कंबल के वितरण का निर्णय लिया है। कंबल वितरण में नंदकिशोर गुप्ता, रंजन फौजी, मनोज मडल, विनोद साव, जीतू अग्रवाल, अजीत जायसवाल, अधिवक्ता आनंद सिन्हा ,विनोद जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर, नवनीत कुमार, सलमान कादिर, अरविंद अग्रवाल, संजय साहू, राजेश कुमार, उत्तम कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

### टैंकर ने महिला को रौंदा, मौत

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के नयामोड़-गिद्दी हिरक मार्ग के ओरला जंगल के पास डिजल टैंकर के चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी। जबकि मृतका के पति घायल हो गया। बाद में उसे इलाज के अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार कनकी पुरनाडीह निवासी रामपाल महतो अपनी पत्नी राधिका देवी( 45 वर्ष) के साथ बाइक संख्या जेएच01बी- 2297 पर सवार होकर बहू से मिलने रामगढ़ अस्पताल जा रहे थे। इसी बीच ओरला जंगल के पास सड़क पर बना गड्ढा होने के कारण बाइक धीरे होने के कारण पीछे से आ रहे रिलायंस डीजल टैंकर एनएल03एए- 2258 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे राधिका देवी की मौत हो गयी। जबकि पति रामपाल महतो घायल हो गये। कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### जन कल्याण परिषद ने बांटा कंबल




**हजारीबाग।** भीषण ठंड को देखते हुए जन कल्याण परिषद समिति ने हजारीबाग के डेमोटांड स्थित बिरहोर टोला, तुरी मुहल्ले में निर्धन असहाय दिव्यांगों के बीच 50 कंबल वितरण किया। समिति के सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि हमारे संस्था लगातार स्वास्थ्य,सामाजिक कार्य में सहभागिता निभा रही है। जिन लोगों के पास पैसे के अभाव से कंबल या जरूरत दवा कि व्यवस्था नहीं कर पाते हैं उन लोगों को यह संस्था व्यवस्था करा रही है। कोषाध्यक्ष संगीता कुमारी ने कहा कि ठंड को देखते हुए मुख्य चौक चौराहों, बस स्टैंड तथा अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थान जहां रात्रि में यात्रीगण आते जाते है वहां पर जरूरतमंदो के बीच रात्रि में कंबल वितरण किया।

### शीतल ओहदार का भव्य स्वागत

**चरही।** चतरा से रांची जाने के क्रम में कुरमी-कुड़मी के नेता शीतल ओहदार,केंद्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो,केंद्रीय महासचिव सह हजारीबाग जिला प्रभारी कपिलदेव महतो,केंद्रीय सचिव रूपलाल महतो को चरही चौक पर समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री ओहदार ने समाज के लोगों से कहा कि आगामी 18 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान होने वाली ऐतिहासिक महा रैली में समाज के पांच लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। इस महारैली के माध्यम से सरकार को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूची बद्ध करने की मांग की जाएगी। अगर सरकार इस पर तत्काल पहल नहीं करती है तो इसके आगे की रणनीति को तय करते हुए संवैधानिक लड़ाई लड़ी जाएगी। हजारीबाग जिले से समाज के लाखों लोग महारैली पहुंचकर एकता दें।मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण महतो,सचिव सुरेंद्र कुमार महतो,उपाध्यक्ष वासुदेव महतो,वरिष्ठ नेता विश्वनाथ महतो,रामकुमार महतो,मोहन महतो,किटटू महतो सहित समाज के दर्जनों लोग शामिल थे।

### मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की बैठक

चरही। चुरचू प्रखंड के चरही स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की एक दिवसीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पंसस आशा राय एवं संचालन संस्थापक डॉ.रामसेवक प्रसाद ने की।जिसके मुख्य अतिथि जिप सदस्य बासुदेव करमाली विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,समाजसेवी उमेश कुमार सिंह थे।बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।जिसमें चरही चौक पर सामुदायिक शुलभ शौचालय का जल्द निर्माण हो। चरही,चुरचू और आंगो थाना को विष्णुगढ़ पुलिस अनुमंडल से वापस कर सदर पुलिस अनुमंडल में शामिल किया जाय।चरही रेलवे स्टेशन पर गिरिडीह इन्टरसिटी ट्रेन का ठहराव हो।डॉ.भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय का उत्थान हो।चरही बाजारटांड़ में एनएचएआई के द्वारा नाली का निर्माण हो।मांडू विधानसभा को प्रशासनिकी अनुमंडल का दर्जा प्राप्त हो।बैठक में सांसद प्रतिनिधि संजय साव,पूर्व उपमुखिया सुनीता देवी प उपमुखिया फुलेश्वर रविदास,वार्ड सदस्य अलाउद्दीन अंसारी,द्वारिका ठाकुर,संजु महतो,रमेश यादव, अजित सिंह,बिटू कुमार,अशोक भोगता,संदीप कुमार महतो,मोहन महतो,मुनि कुमार,खुशबू किस्कु , विक्रम सिंह,मो.अफजल अंसारी,राजकुमार दास,प्रदीप महतो कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

बड़कागांव। मोटरसाइकिल से कोयला बेचने जा रहे हरली गांव निवासी धनेश्वर महतो के पुत्र करण कुमार की मौत रांची पटना रोड इचाक मोड के समीप वाहन के चपेट में आने से हो गई। करण अपने घर से कोयला बेचने को लेकर रविवार अहले सुबह निकला था जो रविवार सुबह-सुबह इचाक मोड़ के समीप भारी कुहासे के बीच स्कॉर्पियो की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,आजसू के वरिष्ठ नेता रोशन लाल चौधरी, एवं उमेश दांगी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# मनोरम वादियों से पटा है कुजू का चरण पहाड़ी

**नये साल पर विशेष**

सचिन कुमार





**कुजू।** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड कुजू क्षेत्र के बंदराचुंआ स्थित चरण पहाड़ी मंदिर व वहां की मनोरम वादियां सैलानियों को बर्बस अपनी ओर आकर्षित करता है। नये वर्ष के आगमन होते ही सैलानियों का हुजुम उमड़ पड़ता है। साथ ही पहाड़ के बीचों-बीच कलकल करती चौथा नदी के आस-पास जंगलों के किनारे पूरे जनवरी माह में सैलानी पिकनिक मनाते देखे जाते हैं। यहां की खासियत नदी के तट पर तीन भव्य मंदिर स्थापित है। जिनमें श्री राधा कृष्ण भगवान, जगन्नाथ बलभद्र व सुभद्रा सहित श्री चैतन्य महाप्रभु एवं उनके दो सहयोगियों क्रमशः श्री नित्यानंद व गजाधर स्वामी के आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित है। जहां सैलानी प्रभु के दर्शन के उपरांत यहां की वादियों का लुत्फ लेने के साथ पिकनिक का आनंद लेते हैं। वहीं मंदिर में चल रही हरिनाम संकीर्तन में भाग लेते हैं। चरण पहाड़ी पहुंचने के लिए कुजू केबीगेट स्थित फोरलेन सड़क से कुजू कोलियिरी होते हुए बंदराचुआ स्थित चरण पहाड़ी आ सकते हैं। हालांकि मंदिर कमिटि ने मंदिर के इर्द-गिर्द पिकनिक मनाने के लिए रोक लगा रखी है। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजन होता है दो दिवसीय मेला जुटती है हजारों की भीड़ मकर संक्राति के अवसर पर चरण पहाड़ी में मंदिर कमिटि व आस-पास के प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष दो दिवसीय मेला का आयोजन किया होता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं। साथ ही मेले का आनंद उठाते हैं तथा टुसू बनाकर प्रदर्शनी में भाग लेते हैं। वहीं आषाढ़ के शुक्ल पक्ष द्वितीय तिथि को मंदिर परिषर से भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है। साथ ही सुसज्जित रथ पर भगवान जगन्नाथ, बल भद्र व बहन सुभद्रा की आकर्षक प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया जाता है। मंदिर के पूजारी बाबा प्रेमदास बताते हैं कि 534 वर्ष पूर्व श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के चरण कुजू स्थित बंदराचुआं में पड़े थे। जिसके कारण उक्त स्थान नाम चरण पहाड़ी के नाम से विख्यात हुआ। बाबा कहते हैं कि श्री चैतन्य महाप्रभु जगन्नाथ धाम पूरी से वृन्दावन जाने के क्रम में यहां की प्राकृतिक दृश्यों से मोहित होकर रुके थे। साथ ही महाप्रभु ने चौथा नदी में स्नान कर हरी नाम संकीर्तन प्रारम्भ किया। जिसकी गूंज सुनकर आस-पास के जंगलों में डेरा जमाये पशु-पक्षियों ने संकीर्तन में शामिल होकर चैतन्य महाप्रभु के साथ नृत्य किया था। जिसका प्रमाण आज भी चरण पहाड़ी पहुंचकर चैतन्य महाप्रभु व पशु-पक्षियो के पैरों के निशान चट्टानों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

#### सीसीएल करेगी विकास

सीसीएल मुख्यालय के डायरेक्टर टेक्निकल रामबाबू प्रसाद ने चरण पहाड़ी का दर्शन किया था। जिसकी खुबसूरती को देखकर काफी प्रशंसा भी किये। साथ ही उसके विकास को लेकर मौजूद अधिकारियों को भी निर्देश दिया। इससे पहले भी कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी विकास करने की बात कही थी। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

# देश की आजादी में कांग्रेस का अहम योगदान : राजेश ठाकुर

## हजारीबाग का बेटा होगा सांसद प्रत्याशी : मुन्ना सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमसांडी।** जिला स्कूल कटकमसांडी के मैदान में पूर्व कृष्णा वल्लभ सहाय का 126 वीं जयंती के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण वल्लभ सहाय को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी का योगदान रहा है। भाजपा के द्वारा लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम किया जा रहा है। गैर भाजपा राज्यों में लोगों को सरकारी एजेंसियों के माध्यम से डराया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी हेमंत सोरेन के साथ खड़ी थी और खड़ी रहेगी। प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने अभिभाषण में ने कहा कि आगामी चुनाव में हजारीबाग का जो भी कांग्रेस पार्टी के ओर से जो प्रत्याशी घोषित किया जाएगा उस जिताने का काम किया जाएगा। कांग्रेस नेता सह समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत है। आने वाले समय में हजारीबाग का बेटा सांसद प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। वहीं बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण वल्लभ सहाय के पौत्र आशीष सहाय ने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में किसी तरह का विकास नहीं हुआ है। आने वाले चुनाव में अगर हम चुनाव जीत कर आएंगे तो कटकमसाडी में विकास का गांगा बहा देंगे। मौके पर जयशंकर पाठक,सुबोधकांत सहाय, आशीष सहाय, सुरेंद्र यादव, अवधेश सिंह, बिनोद सिंह, टिंकू सिंह सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### केवाईसी न कराने पर बंद हो जायेगी सब्सिडी : उमेश ठाकुर



**बरही।** रसोई गैस उपभोक्ताओं को 31 मार्च तक ई-केवाईसी नही कराने पर उपभोक्ताओं की सब्सिडी राशि बंद कर दी जाएगी। इस बात की जानकारी तिरुपति भारत गैस के प्रबंधक उमेश ठाकुर ने बताया।उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निदेशार्नुसार रसोई गैस से संबंधित योजना जैसे उज्ज्वला के सभी उपभोक्ताओं को एजेंसी में आकर ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है जो नहीं कराएंगे उनकी सब्सिडी बंद कर दी जाएगी। डीबीटी से जुड़े सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपना बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा, अन्यथा आने वाले दिनों में उन्हें मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रहना पड़ सकता है। इसको लेकर भारत सरकार के तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आवश्यक निर्देश जारी किया है। वर्तमान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को एक घरेलू गैस सिलेंडर की खरीदारी पर 372 रुपये की सब्सिडी बैंक खाते में उपलब्ध कराई जा रही है। जबकि, सामान्य उपभोक्ताओं के खाते में 37 रुपए 72 पैसे प्राप्त होता है।

### पाली में जतरा मेला संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पाली में चल रहे दो दिवसीय पूस जतरा मेला का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया व मुखिया रेखा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बेदिया ने कहा कि पुस मेला झारखंड संस्कृति की धरोहर है। जिसमे झारखंडी संस्कृति को समझने और जानने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा की ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों के बीच का रिश्ता और भी प्रगाढ़ होती है। साथ ही मेला में झारखंड की सभ्यता और संस्कृति झलकती है। श्री बेदिया ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए इस आयोजन को आगे भी जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के तहत विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर पार्षद जयराम बेदिया, हरिलाल बेदिया, रोहनराम बेदिया, मुकेश राउत, टिंकू बेदिया, रामकृष्ण सिंह, मोती सिंह, रामफल बेदिया सहित दर्जनों गांव के सैंकड़ों लोग उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में मेला समीति के अध्यक्ष अरुण कुमार बेदिया, सचिव रामकुमार बेदिया, सुनील बेदिया, नरेश बेदिया, जगमोहन बेदिया, छोटेलाल बेदिया, मोतीनारायण सिंह, प्रदीप बेदिया का योगदान रहा।

### अबुआ आवास को लेकर मनमानी कर रहें हैं प्रखंड के कर्मी : प्रमुख



**दारू।** दारू प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में पूरे प्रखंड के नौ पंचायत से 4096 आवेदन पड़ा था। इन आवेदन के आलोक में प्रखंड कार्यालय के द्वारा स्थलीय जांच की जा रही है। जांच सूची को देखते हुए प्रमुख कुमारी स्वेता ने प्रखंड कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस योजना हम जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिन जरूरतमंद लाभुकों का नामसूची में चिन्हित करवाया था, उनलोगों का नाम सूची से हटा दिया गया है। इस सूची में वैसे लोगों का नाम है जिनका दो तल्ला मकान है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे प्रखंड के किसी भी जनप्रतिनिधि से इस कार्य मे सहयोग नही लिया जा रहा है। प्रखंड कर्मी बिचौलिए को साथ लेकर अबुआ आवास की सूची तैयार कर रहे है।इस संदर्भ में मैं प्रखंड में अबुआ आवास की सूची मांगी तो ब्लॉक के द्वारा उपलब्ध नही कराया जा रहा है साथ ही साथ न तो बीडीओ और न इस योजना से सम्बंधित डीलिंग कर्मी फोन उठा रहे है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास के लिए 10000 हजार रुपए की वसूली बिचौलिए के माध्यम से करवाया जा रहा है।

# जरूरतमंदों की सेवा ही मंच का उद्देश्य : डब्लू सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन पतल बेचने आए दर्जनों गरीबों को भोजन कराया गया। रविवार को कार्यक्रम स्वर्गीय नंदकिशोर वर्णवाल की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र पिंकू वर्णवाल और रिंकू वर्णवाल द्वारा भुरकुंडा बाजार में दातुन पत्तल बेचने वाले 120 गरीबों के बीच पूरी सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा और समाज हित में कार्य करना ही मंच का एकमात्र उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, दिलीप गांझू मोहम्मद शाहिद, संजू सिन्हा, लखन राम, इम्तियाज अली, राकेश शर्मा, शनि नायक, विजय तूरी, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### विधायक से पौधरोपण पर रोक की गुहार



**कटकमसांडी।** प्रखंड के दो पंचायत एक आराभूसाई और रेबर इन दो पंचायत के अंतर्गत ग्राम लवाकुदर और नवाखाफ में वनप्रक्षेत्र के द्वारा लगभग जंगल में 80 हेक्टेयर पर वन विभाग ने पौधे का रोपण कर दिया है और बचे हुए जमीन में वृक्षारोपण लगाने की तैयारी कर रहे हैं। उक्त जमीन पर वृक्षारोपण के लिए गड्ढे और घेराबंदी के लिए ट्रेंच खोदे जा रहे हैं। इसी वृक्षारोपण को रोकने के लिए लवाकुदर और नवाखफ के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सदर विधायक मनीष जयसवाल को दिया। जिसके बाद यह मामला विधायक मनीष जयसवाल अपने विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा को दी। किशोरी राणा ने उक्त मामले में ग्रामीणों से मिल कर उनकी समस्या सुना और वन विभाग के एसीएफ एके प्रमार से बात की । एके प्रमार ने बताया कि ग्रामीणों को जो समस्या है चारगाह के लिए वह कुछ दिनों के अंदर क्लियर कर दिया जाएगा ताकि ग्रामीणों को चारगाह में कठिनाई न करना पड़े। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने सदर विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।

### नये साल पर जन प्रतिनिधियों ने दी बधाई



**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी , 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह , टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ,उपप्रमुख रवि वर्णवाल,जीप सदस्य रामप्रसाद झरपो उपमुखिया राजेंद्र कुमार वार्ड सदस्य रवि यादव,केदार गौरव, खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी ,खैरा मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा, पसंस विनय कुमार दास , अरविंद केशरी , डहरभंगा पंचायत मुखिया रेखा देवी , मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र प्रसाद यादव ,डूमर पंचायत मुखिया ममता देवी ,धर्मपुर पंचायत मुखिया कांति देवी , बेडम मुखिया प्रतिनिधि बिनोद हेम्ब्रम बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव रामबिलास शर्मा,बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,दारु उप प्रमुख प्रतिनिधि बिजय कुशवाहा , किशोरी ठाकुर ,चमन प्रसाद , उमेश प्रसाद , राजेश ठाकुर ,छोटन प्रसाद ,सरयु प्रसाद ,बरकट्ठा वि. सभा प्रत्यासी आदर्श यूवा संगठन नेता गौतम कुमार,विधायक प्रत्यासी रेणु देवी, सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद , सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद कुशवाहा ,बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि प्रबिल प्रसाद कुशवाहा, समेत अन्य जनप्रतिनिधि समाज सेवियों ने आगामी नव वर्ष 2024 कि शुभकामनाएं दिया। और अंग्रेजी के नए वर्ष में मनाए जाने वाले वन भोज (पिकनिक) को पर्यटक स्थलों में शांति पूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर क्षेत्र वासियों अपील करते हुए ।अंग्रेजी नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दिया।

### प्रमुख ने धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन



**दारू।** प्रखंड के दारू पैक्स को सरकार के द्वारा धान क्रय करने हेतु आदेश जारी किया गया है। इस पैक्स से धान खरीदगी का शुभारंभ प्रमुख कुमारी स्वेता ने फीता काट व नारियल फोड़ कर किया। प्रखंड के कृषक प्रखंड में धान खरीदगी के इंतजार में अपना धान को बेच नही पाए है हालांकि बहुत से कृषक धान व्यापारी के पास 16से 17 रुपए किलो के दर से बेच चुके है। पैक्स अध्यक्ष महेंद्र राम ने कहा कि सरकार के द्वारा 23 रुपए किलो।धान लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी से कृषकों से धान लेना शुरू किया जाएगा। प्रमुख ने कहा कि इस बार सरकार ने पिछले साल की अपेक्षा 3 रुपए किलो धान के मूल्य में वृद्धि की है।इसलिए किसानों से अपील किया है कि सभी किसान अपना धान पैक्स में ही दे ताकि अधिक से अधिक लाभ मिल सके। मौके पर पैक्स के सचिव मो शमसुद्दीन, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ,अशोक कुशवाहा,रामचंद्र राम , राजन सिन्हा व रौशन सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

### पूर्व मुखिया की दारू बाजार से मोबाइल चोरी

दारु। दारू थाना क्षेत्र के दारू बाजार में हर रविवार को लगे वाले साप्ताहिक हाथ में लगातार मोबाइल चोरी की घटना घट रही है। इस बार रविवार को दारु पंचायत के पूर्व मुखिया राजू पासवान की मोबइल चोरी हो गयी। इस बारे मे राजू ने बताया की वह अपनी स्मार्ट फोन को शर्ट के ऊपर वाले पैकेट मे रखकर सब्जी की खरीदारी कर रहे थे तभी किसी ने अचानक उनकी जेब से मोबाइल निकाल लिए। इस घटना के थोड़ी देर के बाद उन्हे एहसास हुआ की उनका मोबाइल चोरी हो चुका है, इधर उधर खोजने का काफी प्रयास किया पर मोबाइल का कहीं पता नही चल पाया।

## जीवन मन्त्र 2024

### जिंदादिली और सकारात्मक जिंदगी जीने का तरीका



प्रशांत झा

विश्व के प्रसिद्ध लेखक और नाटककार विलियम शेक्सपियर ने वर्षों पहले कही थी। आज भी जीवन के कई मोड़ पर हमें इस तरह के सकारात्मक विचारों की जरुरत पड़ती है। नया साल 2020 आ चुका है ऐसे में लोग नए साल की शुरुआत सकारात्मक होकर करना चाहते हैं। प्रेरक विचार हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कहते हैं ''जब तक आपके विचार सकारात्मक नहीं है, तब तक आपके सपने राख में मिलते रहेंगे।'' इसलिए अपने जीवन को हमेशा सकारात्मक होकर जीना ही हर व्यक्ति का उद्देश्य होना चाहिए।

अगर इन विचारों को अपने जीवन में लागू किया जाए तो हमारा जीवन उन्नति के शिखर पर पहुंच सकता है। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से लेकर महान एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो तक। नए साल के इस खास मौके पर हम मनोरंजन जगत के सितारों द्वारा कहे गए कुछ प्रेरणात्मक उद्धरण (इंस्पिरेशनल कोट्स) आपके लिए लेकर आए हैं जिसे अपनी जिंदगी में अपनाकर आप आने वाला साल और भी खुशनुमा बना सकते हैं।

**अमिताभ बच्चन**

बॉलीवुड के शहंशाह यानी अमिताभ बच्चन कवि हरिवंश राय बच्चन के बेटे हैं। ऐसे में लेखन से जुड़ाव होना लाजिमी है। अमिताभ अपने सोशल मीडिया पर कई प्रेरक विचार शेयर करते रहते हैं। बिग बी को हिंदी सिनेमा में 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। सात नवंबर 1969 को उनकी पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी रिलीज हुई थी। अब बरसों से अमिताभ बच्चन देश के एक ऐसे महानायक बने हुए हैं जिनका मुकाबला करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन लगता है।'जो बीत गया उसके पीछे मैं अपना समय बर्बाद नहीं करता। मैं उसे याद जरूर रखता हूं।'

'हम सभी के अंदर एक ऐसी अलौकिक शक्ति का भंडार जो तभी बाहर आता है जब वक्त हमारा इम्तिहान लेता है।'

**शाहरुख खान**

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान का ये साल बिना फिल्म के रहा है। इसके बाजीगर', 'अंजाम', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे', 'दिल तो पागल है', 'कुछ कुछ होता है', 'मोहब्बतें', 'माय नाम इस खान', 'दिलवाले' और भी ना जाने कितनी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने अभिनय को दर्शाया है। यहां आप शाहरुख खान के जीवन से ये सीख ले सकते हैं कि जिंदगी रुकने का नाम नहीं है।

'सफलता और असफलता दोनों जीवन का हिस्सा हैं। दोनों स्थायी नहीं हैं।'

'मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि मैं केवल अपनी उपस्थिति से लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला सकता हूं।'

**नसीरुद्दीन शाह**

20 जुलाई 1949 को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में जन्में नसीरुद्दीन शाह की गिनती दिग्गज अभिनेताओं में होती है। 1980 से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले नसीरुद्दीन की एक्टिंग के सभी कायल हैं। फिल्मों में उनके योगदान के लिए पद्मश्री और पद्म भूषण से नवाजा जा चुका है। 'आक्रोश', 'स्पर्श', 'जुनून', 'मंथन', 'हम पांच', 'चक्र', 'उमराव जान' जैसी शानदार फिल्में की हैं। ये हैं नसीरुद्दीन शाह के कुछ इंस्पिरेशनल कोट्स।

'प्रतिभा जैसी कोई चीज नहीं होती है, लेकिन प्रतिभा की कमी जैसी चीज होती है। प्रतिभा की कमी तब होती है जब कोई व्यक्ति सही जगह पर नहीं होता है।''इंसान अपना रास्ता खुद बनाता है। मेरे पिता ने मेरा सबसे अच्छे तरीके से मार्गदर्शन करने की कोशिश की लेकिन मैं वैसा बना जैसा मैं बनना चाहता था।''

**पॉल वॉकर**

12 सितम्बर 1973 को जन्में एक्टर पॉल वॉकर ने अपना पूरा जीवन अपनी शर्तों पर जिया। 40 साल की उम्र में कार दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। पॉल अपनी उदारता के लिए प्रसिद्ध थे। मौत के वक्त भी वह एक चैरिटी इवेंट में जा रहे थे। लोग वॉकर को फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज के हीरो के रूप में जानते हैं। उन्होंने टीवी सीरीज के अलावा 25 के लगभग फिल्मों में काम किया।

'मैं जो कुछ करना चाहता हूं उसे करने के लिए आजाद हूं।''अपने दिमाग को हर चीज में अच्छाई देखने के लिए तैयार करो।'

**टॉम हैंक्स**

9 जुलाई 1956 को जन्में टॉम हैंक्स हॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक हैं। उन्होंने कई शानदार फिल्मों में अभिनय किया है। टॉम की सबसे चिर्चत फिल्म रही है 'फॉरेस्ट गंप'। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर जीतने वाले टॉम हैंक्स के भोलेपन ने फिल्म को नई ऊंचाइयां दी थीं। टॉम की गिनती डाउन टू अर्थ अभिनेताओं में होती है। इसके अवाला उन्होंने 'द ग्रीन माइल', कास्ट अवे, कैच मी इफ यू कैन, दा विंची कोड जैसी फिल्मों में अभिनय किया है।

'अगर आप किसी चीज में भरोसा करते हैं तो उसे करने के लिए कोई ना कोई वजह ढूंढ ही लेते है।''मुझे लगता है कि अच्छा दिखने से बेहतर है कि आप अंदर से अच्छा महसूस करें।' **लियोनार्डो डिकैप्रियो**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में जन्में लियोनार्डो डिकैप्रियो अच्छे फिल्मकारों के पसंदीदा अभिनेता हैं और ऑस्कर के अलावा वो कई अन्य अवार्ड जीत चुके हैं। उन्हें टाइटैनिक, ब्लड डायमंड, द एविएटर, द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट और द रेवनेंट के लिए जाना जाता है। डिकैप्रियो हमेशा पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं। **(ब्रदर्स एकेडमी रांची)**

**कैलेंडर। एक छोटा सा शब्द। कमरे के किसी भाग में यूं ही पड़ी एक वस्तु जिसकी जरूरत इस तकनीकी युग में शायद ही छुट्टियां देखने के लिए भी पड़ती हो। लेकिन यह हर घर में होता है। नये वर्ष में नये कैलेंडर लगभग हर घर में लगेंगे। इस छोटी सी रचना के पीछे जो हजारो वर्ष पुरानी सभ्यता के विकास की कहानी छुपी है। उसे समझ पाना सहज नहीं। अखिर कैसे बना हमारा कैलेंडर, कहां से हुई शुरुआत, बनाने में किसने निभाई अहम भूमिका, जैसे कई सवालों का जवाब लोग गुगल पर सबसे ज्यादा खोजते हैं।नए साल का दिन 1 जनवरी को मनाया जाता है। नए साल का पहला दिन ग्रेगोरियन और जूलियन कैलेंडर दोनों के अनुसार मनाया जाता है। कई संस्कृतियों ने इस खुशी के दिन को अपने अनोखे तरीके से मनाया। आमतौर पर नए साल के दिन के रीति-रिवाजों और परंपराओं में शैंपेन और विभिन्न फूड्स के साथ जश्न मनाना शामिल है। जब तक जूलियस सीजर ने जूलियन कैलेंडर लागू नहीं किया, तब तक कि उत्सव के लिए 1 जनवरी आम दिन बन गया। इस दिन को सेलिब्रेट करने का लोगों का अपना-अपना तरीका होता है।आमतौर पर लोग नए साल को सेलिब्रेट करने के लिए पार्टी करते हैं और अपनों के साथ समय बिताते हैं। वहीं कई ऐसे भी होते हैं जो नए साल का स्वागत घूमकर करते हैं। इसके अलावा न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए और उसका स्वागत करने के लिए लोग केक भी काटते हैं। साथ ही न्यू ईयर के बेहतरीन मौके पर लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को अच्छे और नए कोट्स और मैसेजेज भेजते हैं और आने वाले साल की ढेर सारी शुभकामनाएं भी देते हैं।**

**. एक खूबसूरती, एक ताज़गी, एक सपना, एक सच्चाई एक कल्पना, एक एहसास। एक आस्था, एक विश्वास यही हैं एक अच्छे साल की शुरुआत। हैप्पी न्यू ईयर 2024**




## भारतीय पंचांग की कहानी

हमारे देश में लगभग 5,000 वर्ष पहले वैदिक काल में समय की गणना का काम शुरू हो गया था। उन दिनों इस बात का ज्ञान हो चुका था कि चांद्र-वर्ष में 360 से कुछ कम दिन होते हैं क्योंकि एक चंद्र-मास में ठीक 30 दिन नहीं होते। सूर्योदय से सूर्योदय तक के काल को 'सावन-दिन' माना गया। तब सावन-मास और चांद्र मास का भी ज्ञान प्राप्त हो चुका था। बाद में नक्षत्र और फिर 'तिथि' का ज्ञान हुआ। अनुमान है कि शक संवत् से लगभग 1400 वर्ष पूर्व तक तिथि और नक्षत्र, समय के इन दो अंगों का ही ज्ञान था। उसके बाद करण, योग और वार का ज्ञान प्राप्त हुआ। इस तरह तिथि, नक्षत्र, वार, करण और योग, समय के इन पांच अंगों से 'पंचांग' यानी कलैंडर का विकास हुआ।

# कैसे अस्तित्व में आया कैलेंडर

### ज्योतिष शास्त्र दिन और महीना

ज्योतिष शास्त्र में इस बात का उल्लेख है कि जब सृष्टि की रचना हुई और पूर्व क्षितिज पर सूर्यदेव प्रकट हुए तब सूर्य का होरा था। इसीलिए सृष्टि की रचना का प्रथम दिवस रविवार माना गया है। दरअसल, ज्योतिष मतानुसार एक अहोरात्र (दिन-रात) में 24 होरा होते हैं और 25वां होरा जिस ग्रह का होता है उससे संबंधित वार होता है। इस पच्चीसवें होरा में सूर्योदय भी होता है। यानी कि रविवार की शुरूआत के बाद पच्चीसवां होरा चंद्रमा का होता है, इसीलिए रविवार के बाद सोमवार आता है। इसी क्रमानुसार मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार का नामकरण हुआ है। कैलेंडर शब्द पूर्णतः भारतीय है। माना जाता है कि कैलेंडर शब्द कालांतर शब्द का बिगड़ा हुआ स्वरूप है। समय को संस्कृत में कालांतर कहा जाता है। कैलेंडर के प्रचलित इतिहास के अनुसार मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई और अगस्त माहों के नाम देवी-देवताओं से संबंधित हैं और सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर शब्द लातीनी भाषा के क्रमशः सेप्टेम, आक्टो, नोवज और देशज शब्द से बने हैं।

### राष्ट्रीय कैलेंडर प्रोफेसर मेघनाद साहा की देन

क्षेत्रीय आवश्यकताओं और धार्मिक तिथियों की गणना के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में कई प्रकार के पंचांग बनाये गये जिनमें से अनेक पंचांग आज भी प्रचलित हैं। लेकिन, प्रशासनिक तथा नागरिक उद्देश्य के लिए संशोधित और मानक भारतीय राष्ट्रीय कलैंडर का प्रयोग किया जाता है। हमारा राष्ट्रीय कलैंडर प्रोफेसर मेघनाद साहा जैसे समर्पित वैज्ञानिक के सतत् प्रयासों का फल है। कलैंडर सुधार का सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वासों पर सीधा प्रभाव पड़ने का खतरा मोल लेते हुए भी उन्होंने कलैंडर में वैज्ञानिक सुधार का बीड़ा उठाया और हमारे कलैंडर को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया। प्रोफेसर मेघनाद साहा ने भारतीय पंचांगो और कलैंडर सुधार की आवश्यकता पर विज्ञान पत्रिकाओं में लेख लिख कर इस विषय की ओर सरकार और आम लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने एशियाटिक सोसाइटी में 'शक ९संवत् की शुरुआत' पर व्याख्यान दिया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 1952 में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् ने एक कलैंडर सुधार समिति गठित की। समिति को देश के विभिन्न प्रांतों में प्रचलित पंचांगों का अध्ययन करके सरकार को सटीक वैज्ञानिक सुझाव देने की जिम्मेदारी सौंपी गयी ताकि पूरे देश में एक समान नागरिक कलैंडर लागू किया जा सके। प्रो. मेघनाद इस कलैंडर सुधार समिति के अध्यक्ष नियुक्त किये गये।



**प्रोफेसर मेघनाद साहा**

**कलैंडर सुधार का सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वासों पर सीधा प्रभाव पड़ने का खतरा मोल लेते हुए भी इसमें सुधार करने का बीड़ा उठाया और इसे वैज्ञानिक आधार प्रदान किया।**

**पंचांगों में त्रुटि और सुधार**

पंचांगो में सबसे प्रमुख त्रुटि थी वर्ष की लंबाई। पंचांग प्राचीन 'सूर्य सिद्धांत' पर आधारित होने के कारण वर्ष की लंबाई 365.258756 दिन की होती है। वर्ष की यह लंबाई वैज्ञानिक गणना पर आधारित सौर वर्ष से .01656 दिन अधिक है। प्राचीन सिद्धांत अपनाने के कारण ईस्वी सन् 500 से वर्ष 23.2 दिन आगे बढ़ चुका है। भारतीय सौर वर्ष 'वसंत विषुव' औसतन 21 मार्च के अगले दिन मतलब 22 मार्च से शुरु होने के बजाय 13 या 14 अप्रैल से शुरु होता है। दूसरी ओर यूरोप में जूलियस सीजर द्वारा शुरू किये गये 'जुलियन कलैंडर' में भी वर्ष की लंबाई 365.25 दिन निर्धारित की गयी थी, जिसके कारण 1582 ईस्वी आते-आते 10 दिन की त्रुटि हो चुकी थी। तब पोप ग्रेगरी तेरहवें ने कलैंडर सुधार के लिए आदेश दे दिया कि उस वर्ष 5 अक्टूबर को 15 अक्टूबर घोषित कर दिया जाये। लीप वर्ष भी स्वीकार कर लिया गया। लेकिन, भारत में सदियों से पंचांग यानी कलैंडर में इस प्रकार का कोई संशोधन नहीं हुआ था। उन्होंने विश्व कलैंडर योजना का भी सुझाव दिया और 1954 में जेनेवा में आयोजित यूनेस्को के 18वें अधिवेशन में 'विश्व कलैंडर' सुधार के लिए प्रस्ताव भेजा। कलैंडर सुधार समिति ने 1955 में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की। समिति ने प्रशासनिक तथा नागरिक कलैंडर के लिए महत्वपूर्ण संस्तुतियां की। इन संस्तुतियों के अनुसार राष्ट्रीय कलैंडर में शक संवत् का प्रयोग किया जाना चाहिए। इसकी गणनाएं शक संवत् से की जाती हैं। शक संवत् की प्रथम तिथि ईस्वी सन् 79 के वसंत विषुव से प्रारंभ होती है। हमारे राष्ट्रीय कलैंडर में शक संवत् 1879 के चैत्र मास की प्रथम तिथि को आधार माना गया है जो ग्रेगोरीय कलैंडर की गणना के अनुसार 22 मार्च ईस्वी सन् 1957 है। यानी हमारा संशोधित राष्ट्रीय कलैंडर 22 मार्च 1957 से शुरू होता है।

**कैसे आया लीप वर्ष :** समिति ने सुझाव दिया कि वर्ष में 365 दिन तथा लीप वर्ष में 366 दिन होंगे। लीप वर्ष की परिभाषा देते हुए सुझाव दिया गया कि शक संवत् में 78 जोड़ने पर जो संख्या मिले वह अगर 4 से विभाजित हो जाये तो वह लीप वर्ष होगा, लेकिन अगर वर्ष 100 का गुणज तो है लेकिन 400 का गुणज नहीं है तो वह लीप वर्ष नहीं माना जायेगा। राष्ट्रीय परंपरागत भारतीय मास 12 हैं : चैत्र, वैसाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्र, आश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष, माघ और फाल्गुन। समिति ने यह भी संस्तुति की कि वर्ष का प्रारंभ वसंत विषुव के अगले दिन से होना चाहिए। कलैंडर में चैत्र मास वर्ष का प्रथम मास होगा। चैत्र से भाद्र तक प्रत्येक मास में 31 दिन और आश्विन से फाल्गुन तक प्रत्येक मास में 30 दिन होंगे। लीप वर्ष में चैत्र मास में 31 दिन होंगे अन्यथा सामान्य वर्षों में 30 दिन ही रहेंगे। लीप वर्ष में चैत्र मास की प्रथम तिथि 22 मार्च के बजाय 21 मार्च होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग प्रति वर्ष भारतीय खगोल पंचांग प्रकाशित करता है। छुट्टियों की तिथियों की गणना इसी के आधार पर की जाती है। हमारे राष्ट्रीय कलैंडर के लीप वर्ष विश्व भर में प्रचलित ग्रेगोरी कलैंडर के समान हैं।

## कैलेंडर का इतिहास



दुनिया में सबसे पहले तारों, ग्रहों, नक्षत्रो आदि को समझने का सफल प्रयास भारत में ही हुआ था। इनकी गति को समझने के बाद भारत के महान खगोल शास्त्रीयों ने भारतीय कलेंडर (विक्रम संवत) तैयार किया। इसके महत्व को उस समय सारी दुनिया ने समझा। लेकिन यह इतना अधिक व्यापक था कि आम आदमी इसे आसानी से नहीं समझ पाता था। किसी भी विशेष दिन, त्यौहार आदि के बारे में जानकारी लेने के लिए विद्वान (पंडित) के पास जाना पड़ता था। अलग अलग देशों के सम्राट और खगोलशास्त्री भी अपने अपने हिसाब से कैलेंडर बनाने का प्रयास करते रहे। इसके प्रचलन में आने के 57 वर्ष के बाद सम्राट आगस्तीन के समय में पश्चिमी कैलेंडर (ईस्वी- सन्) विकसित हुआ। लेकिन उसमें कुछ भी नया खोजने के बजाये, भारतीय कैलेंडर को लेकर सीधा और आसान बनाने का प्रयास किया था। पृथ्वी द्वारा 365/366 में होने वाली सूर्य की परिक्रमा को वर्ष और इस अवधि में चंद्रमा द्वारा पृथ्वी के लगभग 12 चक्कर को आधार मान कर कैलेंडर तैयार किया और क्रम संख्या के आधार पर उनके नाम रख दिये गये। पहला महीना मार्च (एकम्बर) से नया साल प्रारंभ होना था। 1. एकाम्बर ( 31 ) 2. दुयीआम्बर (30) 3. तिरियाम्बर (31) 4. चौथाम्बर (30) 5. पंचाम्बर (31) 6. षष्ठम्बर (30) 7. सेप्तम्बर (31) 8. ओक्टाम्बर (30) 9. नबम्बर (31) 10. दिसंबर ( 30 ) 11. ग्याराम्बर (31) 12. बारम्बर (30 / 29 ) निर्धारित किया गया।

### सम्राटों और ईशा के जन्म ने बदल दिये महीनों के नाम!

कहा जाता है कि सम्राट आगस्तीन ने अपने जन्म माह का नाम अपने नाम पर आगस्त (षष्ठम्बर को बदलकर) और भूतपूर्व महान सम्राट जुलियस के नाम पर - जुलाई (पंचाम्बर) रख दिया। इसी तरह कुछ अन्य महीनों के नाम भी बदल दिए गए। फिर वर्ष की शरुआत ईसा मसीह के जन्म के 6 दिन बाद से प्रारंभ माना गया। नाम भी बदल कर जनवरी (31), फरवरी (30/29), मार्च (31), अप्रैल (30), मई (31), जून (30), जुलाई (31), अगस्त (30), सितंबर (31), अक्टूबर (30), नवंबर (31), दिसंबर ( 30) कर दिया गया। फिर सम्राट आगस्तीन को ये लगा कि उसके नाम वाला महीना आगस्त छोटा (30 दिन) का हो गया है तो उसने जिद पकड़ ली कि उसके नाम वाला महीना 31 दिन का होना चाहिए। राजहठ को देखते हुए खगोल शास्त्रीयों ने जुलाई के बाद अगस्त को भी 31 दिन का कर दिया और उसके बाद वाले सेप्तम्बर (30), अक्तूबर (31), नबंबर (30), दिसंबर ( 31) का कर दिया। एक दिन को एडजेस्ट करने के लिए पहले से ही छोटे महीने फरवरी को और छोटा करके (28/29) कर दिया गया।



## भारत के दो कैलेंडर 'शक संवत' और 'ग्रेगोरियन'

हमारा अपना राष्ट्रीय कैलेंडर शक संवत है, जिसके अनुसार चैत्र नववर्ष का महीना माना जाता है। लेकिन हमारा दूसरा कैलेंडर ग्रेगोरियन को माना गया है जिसको 22 मार्च 1957 में सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए अपनाया गया था। इसी कारण सभी सरकारी छुट्टियां इसी कैलेडर के अनुसार तय की जाती है। दुनिया भर में आज सबसे ज्यादा ग्रेगोरियन यानी इंग्लिश कैलेंडर का प्रयोग होता है। इस कैलेंडर की शुरुआत तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने 1582 में की थी इसी कारण इसका नाम ग्रेगोरियन कैलेंडर रखा गया। जबकि इससे पहले ब्रिटेन में जूलियन कैलेंडर का प्रयोग होता था जो सौर वर्ष पर आधारित था। वहीं दूसरी तरफ भारतीय कैलेंडर शक संवत सूर्य और चंद्रमा की गति पर आधारित है, जिनका प्रयोग धार्मिक तिथि, मुहूर्त, त्योहार के लिए किया जाता है लेकिन आधिकारिक रूप से ग्रगोरियन कैलेंडर का ही प्रयोग किया जाता है।

# विभिन्न धर्मों के नव वर्ष

**हिंदू नव वर्ष :** हिंदू नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। इसे हिंदू नव संवत्सर या नव संवत भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नये साल का आरंभ भी होता है। इसे गुड़ी पड़वा, उगादि आदि नामों से भारत के अनेक क्षेत्रों में मनाया जाता है।

**इस्लामी नव वर्ष :** इस्लामी कैलेंडर के अनुसार मोहर्रम महीने की पहली तारीख को मुसलमानों का नया साल हिजरी शुरू होता है। इस्लामी या हिजरी कैलेंडर एक चंद्र कैलेंडर है, जो न सिर्फ मुस्लिम देशों में इस्तेमाल होता है बल्कि दुनियाभर के मुसलमान भी इस्लामिक धार्मिक पर्वों को मनाने का सही समय जानने के लिए इसी का इस्तेमाल करते हैं।

**ईसाई नव वर्ष :** ईसाई धर्मावलंबी 1 जनवरी को नव वर्ष मनाते हैं। करीब 4000 वर्ष पहले बेबीलोन में नया वर्ष 21 मार्च को मनाया जाता था जो कि वसंत के आगमन की तिथि भी मानी जाती थी । तब रोम के तानाशाह जूलियस सीजर ने ईसा पूर्व 45वें वर्ष में जब जूलियन कैलेंडर की स्थापना की, उस समय विश्व में पहली बार 1 जनवरी को नये वर्ष का उत्सव मनाया गया। तब से आज तक ईसाई धर्म के लोग इसी दिन नया साल मनाते हैं। यह सबसे ज्यादा प्रचलित नव वर्ष है। लेकिन 1 जनवरी का दिन, नये वर्ष के रूप ईसाईयों तक ही सीमित नहीं है । आज पूरी दूनिया 1 जनवरी को नये साल के रूप में मनाती है चाहे वह किसी धर्म या समुदाय के हों।



**सिंधी नव वर्ष :** सिंधी नव वर्ष चेटीचंड उत्सव से शुरु होता है, जो चैत्र शुक्ल द्वितीया को मनाया जाता है। सिंधी मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ था जो वरुणदेव के अवतार थे।

**सिख नव वर्ष :** पंजाब में नया साल वैशाखी पर्व के रूप में मनाया जाता है। जो अप्रैल में आती है। सिक्ख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार होला मोहल्ला (होली के दूसरे दिन) नया साल होता है।

**जैन नव वर्ष :** जैन नववर्ष दीपावली से अगले दिन होता है। भगवान महावीर स्वामी की मोक्ष प्राप्ति के अगले दिन यह शुरू होता है। इसे वीर निर्वाण संवत भी कहते हैं।

**पारसी नव वर्ष :** पारसी धर्म का नया वर्ष नवरोज के रूप में मनाया जाता है। आमतौर पर 19 अगस्त को नवरोज का उत्सव पारसी लोग मनाते हैं। लगभग 3000 वर्ष पूर्व शाह जमशेदजी ने पारसी धर्म में नवरोज मनाने की शुरुआत की। नव यानी नया और रोज यानी दिन।

**हिब्रू नव वर्ष :** हिब्रू मान्यताओं के अनुसार भगवान द्वारा विश्व को बनाने में सात दिन लगे थे । इस सात दिन के संधान के बाद नया वर्ष मनाया जाता है । यह दिन ग्रेगरी के कैलेंडर के मुताबिक 5 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच आता है।

# शुभमन-विराट के नाम रहा यह साल, गेंदबाजों में जडेजा-कुलदीप का जलवा



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** साल 2023 भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए शानदार रहा। टीम इंडिया भले ही दो आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में हार गई, लेकिन उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों का पूरा साल बोलबाला रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी20) को मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शुभमन गिल और विराट कोहली शीर्ष-2 में हैं। वहीं, सर्वाधिक विकेट लेने वालों में रवींद्र जडेजा पहले और कुलदीप यादव दूसरे पायदान पर हैं। शुभमन के लिए यह साल शानदार रहा। उन्होंने तीनों फॉर्मेट में कुल 48 मैच खेले। शुभमन ने 46.82 की औसत से 2154 रन बनाए। इस दौरान सात शतक और 10 अर्धशतक भी लगाए। कोहली के नाम 35 मैच में 2048 रन हैं। उनका औसत 66.06 का रहा। विराट ने आठ शतक और 10 अर्धशतक जड़े। गेंदबाजों की बात करें तो जडेजा ने 35 मुकाबलों में कुल 66 विकेट लिए। वहीं, कुलदीप यादव ने 39 मैचों में 63 विकेट झटके।

## वनडे में भारतीय तिकड़ी का कमाल

वनडे में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में शीर्ष-3 में तीनों खिलाड़ी भारत के ही हैं। शुभमन गिल ने 29 मैच में 1584 रन बनाये हैं। विराट कोहली के नाम 27 मैच में 1377 रन हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा ने 27 मैच में 1255 रन बनाए हैं। शुभमन ने पांच, कोहली ने छह और रोहित ने दो शतक लगाये। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने 26 मैच में 1204 और श्रीलंका के पथुम निसांका ने 29 मैच में 1151 रन बनाए। गेंदबाजों की बात करें तो इसमें भी शीर्ष तीन में भारतीय खिलाड़ी ही हैं। कुलदीप यादव ने 30 मैच में सबसे ज्यादा 49 विकेट लिए हैं। मोहम्मद सिराज ने 25 मैचों में 44 और मोहम्मद सिराज ने 19 मैचों में 43 विकेट झटके। नेपाल के संदीप लमिछाने ने 21 मैच में 43 और पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी ने 21 मैच में 42 विकेट अपने नाम किए हैं।

**2023 में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी**

| बल्लेबाज | देश | मैच | रन | औसत |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 48 | 2154 | 46.82 |
| विराट कोहली | भारत | 35 | 2048 | 66.06 |
| डेरिल मिचेल | न्यूजीलैंड | 51 | 1989 | 40.59 |
| रोहित शर्मा | भारत | 35 | 1800 | 48.64 |
| ट्रेविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 31 | 1698 | 43.53 |

**2023 में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले खिलाड़ी**

| बॉलर | देश | मैच | विकेट |
|---|---|---|---|
| रवींद्र जडेजा | भारत | 35 | 66 |
| कुलदीप यादव | भारत | 39 | 63 |
| मिचेल स्टार्क | ऑस्ट्रेलिया | 23 | 63 |
| शाहीन अफरीदी | पाकिस्तान | 30 | 62 |
| मोहम्मद सिराज | भारत | 34 | 60 |



## टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा

टेस्ट क्रिकेट में इस साल सबसे ज्यादा रन बनाने और सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शीर्ष पर रहे। उसके ओपनर बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 13 टेस्ट में सबसे ज्यादा 1210 रन बनाए। उनके साथी स्टीव स्मिथ 13 टेस्ट में 929 रन बनाकर दूसरे, ट्रेविस हेड 12 मैच में 919 रन बनाकर तीसरे और मार्नश लाबुशेन 13 मुकाबलों में 803 रन बनाकर तीसरे पायदान पर रहे। इंग्लैंड के जो रूट ने आठ मैचों में 787 रन बनाए और वह पांचवें स्थान पर रहे। भारत के लिए विराट कोहली ने आठ मैचों में 672 रन बनाए। वह 2023 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में आठवें स्थान पर रहे। उनके अलावा कोई भी भारतीय शीर्ष-10 में नहीं है। गेंदबाजों की बात करें ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ी शीर्ष-5 में हैं। नाथन लियोन ने 10 मैचों में सबसे ज्यादा 47 विकेट लिए हैं। उनके बाद दूसरे स्थान ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं। उन्होंने 11 मैचों में 42 विकेट झटके हैं। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने सात मैचों में 41 विकेट लिए। इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड ने आठ मैच में 38 और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने नौ मैच में 38 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा सात मैच में 33 विकेट लेकर छठे पायदान पर रहे।

**टी20 में वसीम रहा जलवा**

2023 में टी20 में सबसे ज्यादा रन यूएई के मोहम्मद वसीम ने बनाए। उन्होंने 22 मैच में 810 रन बनाए। उगांडा के आरजी मुकासा के नाम 31 मैच में 738 रन हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव ने 18 मैचों में 733 रन बनाए हैं। गेंदबाजों की बात करें तो उंगाडा के एआर रमजानी ने 30 मैच में सबसे ज्यादा 55 विकेट लिए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 21 मैच में 26 विकेट लिए। वह लिस्ट में 17वें स्थान पर हैं।

# फरवरी-मार्च में टेस्ट तो अप्रैल-जून में टी20 खेलेंगे भारतीय क्रिकेटर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 2023 का साल उतार-चढ़ाव से भरा रहा। दो मौकों पर टीम इंडिया आइसीसी ट्रॉफी जीतने के करीब पहुंची, लेकिन फाइनल मैच में हार झेलनी पड़ी। इसके बावजूद भारत ने विश्व कप में सबसे बेहतरीन टीम के रूप में अपना दबदबा बनाया। अब 2024 में भी भारत की कोशिश और बेहतर प्रदर्शन करने की होगी। इस साल भारतीय टीम टी20 विश्व कप जीतकर आइसीसी ट्रॉफी का एक दशक से लंबा सूखा खत्म करने की कोशिश करेगी। इस साल भारत को इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों के साथ खेलना है। बीसीसीआइ ने साल का पूरा शेड्यूल जारी नहीं किया है, लेकिन जून तक के लिए भारतीय खिलाड़ियों का कार्यक्रम साफ हो चुका है। इसके बाद भारत को 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से द्विपक्षीय सीरीज खेलनी हैं।

### दक्षिण अफ्रीका से होगा साल का पहला मैच

2024 में भारत का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। यहां टी20 और वनडे सीरीज के बाद टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस दौरे का आखिरी मैच भारत 2024 में तीन जनवरी से खेलेगा। यह मुकाबला सात जनवरी को खत्म होगा।

### अफगानिस्तान से पहली बार द्विपक्षीय सीरीज

11 जनवरी से टीम इंडिया को अफगानिस्तान के साथ तीन टी20 मैच की सीरीज खेलनी है। यह दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। हालांकि, दोनों देशों के बीच एक टेस्ट मैच हो चुका है, लेकिन सीमित ओवर क्रिकेट में ये दोनों टीमें सिर्फ आइसीसी और एसीसी टूनामेंट में ही खेली हैं।

### इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज

इस साल भारतीय टीम को इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी और 11 मार्च को खत्म होगी। लगभग दो महीने तक चलने वाली यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होगी।

### अप्रैल-मई में आइपीएल का जलवा

इंग्लैंड के साथ लंबी टेस्ट सीरीज के बाद सभी खिलाड़ी कुछ दिन आराम करेंगे। इसके बाद आइपीएल की शुरूआत होगी। दो महीने तक चलते वाले इस टूनामेंट में फटाफट क्रिकेट का रोमांच अपने चरम पर होगा।

### जून में टी20 विश्व कप का जलवा

टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन चार से 30 जून के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा। आईपीएल के बाद सभी टीमों के अधिकतर खिलाड़ी टी20 क्रिकेट के अभ्यस होंगे और इस विश्व कप में रोमांच अपने चरम पर रहेगा।

### जुलाई से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगा भारत

भारतीय टीम के एफटीपी चक्र के अनुसार 2024 में टीम इंडिया इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। इनमें से इंग्लैंड के साथ सीरीज जनवरी से मार्च के बीच खेली जाएगी। वहीं, अन्य देशों के साथ सीरीज जुलाई से दिसंबर के बीच होने की संभावना है। बीसीसीआइ ने आगे का शेड्यूल नहीं जारी किया है, लेकिन एफटीपी चक्र से साफ है कि साल के आखिरी छह महीनों में भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलनी हैं। इन सीरीज में वनडे और टेस्ट मैच पर ज्यादा ध्यान होगा। क्योंकि, 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी वनडे फॉर्मेट में होगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा फाइनल भी 2025 में होगा। इसे ध्यान में रखते हुए भारत अपनी तैयारी मजबूत करना चाहेगा।

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश 17 रन से हराया

एजेंसी

**माउंट मॉन्गानुई।** बांग्लादेश को न्यूजीलैंड टी-20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में बारिश के कारण डकवर्थ लुईश नियम के तहत रविवार को 17 रन से हार का सामना करना पड़ा है। इसके ही बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज बराबरी पर रही। रविवार को यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने तीसरे टी-20 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के आगे संघर्ष करती देखी गई और पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। बांग्लादेश की



ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने सबसे अधिक 17 रन बनाए। तौहीद ने 16, आफिफ हुसैन ने 14 रन जोड़े। बांग्लादेश का कोई भी खिलाड़ी 20 रन के स्कोर को छू भी नहीं पाया और उसके छह खिलाड़ी 10 रन से कम के स्कोर पर आउट हो कर पवेलियन लौट गये। न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान मिचेल सेंटनर ने चार ओवर में 16 रन देकर चार बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी, बेन सियर्स और एडम मिल्ने को एक-एक विकेट मिला। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की पारी की शुरूआत बेहद खराब रही। एक समय न्यूजीलैंड ने 49 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। उसके चार खिलाड़ी एक-एक रन बनाकर आउट हुये। उसके बाद कप्तान सेंटनर ने जिमी नीशम के साथ पारी को संभाला। फिन एलेन ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 38 रन बनाए। जिमी नीशम 28 रन और कप्तान सेंटनर 18 रन बनाकर नाबाद रहे। जब टीम का स्कोर 14.4 ओवर में पांच विकेट पर 95 रन तक पहुंचा दिया था। उसी समय बारिश शुरू होने के कारण आगे खेल नहीं हो सका। अंपायरों ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत न्यूजीलैंड 17 रन से विजयी घोषित कर दिया। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन और शोरिफुल इस्लाम के 2-2 विकेट लिए।

## डोनाल्ड बोले : केपटाउन में होगी भारतीय तेज गेंदबाजों की परीक्षा

**केपटाउन।** महान क्रिकेटर एलेन डोनाल्ड का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के दौरान गेंदबाजी के लिए अच्छी पिच पर भारतीय तेज गेंदबाज संयमित नहीं थे और न्यूलैंड्स में बल्लेबाजों के मुफीद पिच पर उन्हें इसकी काफी ज्यादा जरूरत होगी जिस पर स्पिनरों की भूमिका नहीं के बराबर होगी। भारत को सेंचुरियन की पिच पर पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा जिस पर तेज उछाल और काफी लेटरल मूवमेंट था। अपनी पीढ़ी के खतरनाक तेज गेंदबाजों में शुमार डोनाल्ड ने कहा, मैं जानता हूं कि दक्षिण अफ्रीका ने शायद परिस्थितियों को बेहतर तरीके से पढ़ा, इसमें कोई शक नहीं है। उन्होंने गेंद पांच या 5.5 मीटर तक पिच की और पिच को अपना काम करने दिया। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने एक चीज भारत से बेहतर की, वे इस चीज में काफी संयमित रहे और उन्होंने दूसरी पारी में शॉर्ट गेंद का थोड़ा अधिक इस्तेमाल किया।

# पीएम मोदी की मन की बात के जरिए हरमनप्रीत कौर व विश्वनाथ आनंद ने दिया फिटनेस का मंत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के जरिए अपने फिटनेस मंत्र साझा किये। हरमनप्रीत ने देशवासियों से खान-पान को लेकर सावधान रहने का आग्रह किया। उन्होंने बाजरा के सेवन के पीछे के महत्व पर प्रकाश डाला जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, पचाने में आसान होता है और इसकी खेती सततपोषणीय कृषि को भी बढ़ावा देती है। 34 वर्षीय महिला क्रिकेटर ने खराब भोजन के सेवन के बारे में आगाह करते हुए कहा, कोई भी खराब आहार से बच नहीं सकता। हरमनप्रीत ने कहा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की फिट इंडिया पहल ने मुझे आप सभी के साथ अपना फिटनेस मंत्र साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया है। आप सभी को मेरा पहला सुझाव है 'कोई भी खराब आहार से छुटकारा नहीं पा सकता है।' इसका मतलब है कि आपको ऐसा करना होगा आप कब खाते हैं और क्या खाते हैं, इसके बारे में बहुत सावधान रहें। हाल ही में, माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने सभी को बाजरा खाने के लिए प्रोत्साहित किया है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और टिकाऊ खेती में मदद करता है और पचाने में भी आसान है।

### आनंद ने बताई अपनी दिनचर्या

भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने खुलासा किया कि शतरंज एक साधारण खेल होने का



आभास देता है, लेकिन इसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए किसी को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की आवश्यकता होती है। क्योंकि यह खेल छह से सात घंटे तक गहन मानसिक एकाग्रता की मांग करता है। उन्होंने सात से आठ घंटे की रात की अच्छी नींद लेने के महत्व को भी बताया। विश्वनाथन आनंद ने कहा नमस्ते, मैं विश्वनाथन आनंद हूं, आपने मुझे शतरंज खेलते देखा है और अक्सर मुझसे पूछा जाता है कि आपकी फिटनेस दिनचर्या क्या है? शतरंज के लिए बहुत अधिक ध्यान और धैर्य की आवश्यकता होती है, इसलिए मैं कई काम करता हूं जो मुझे फिट और चुस्त रखते हैं। मैं सप्ताह में दो बार योग करता हूं, मैं सप्ताह में दो बार कार्डियो करता हूं, मैं लचीलेपन, स्ट्रेचिंग, वजन उठाने पर ध्यान केंद्रित करता हूं और मैं प्रति सप्ताह एक दिन की छुट्टी लेता हूं। शतरंज के लिए ये सभी बहुत महत्वपूर्ण हैं। आपको 6-7 घंटे तक दिमाग लगाने के लिए सहनशक्ति की आवश्यकता है, लेकिन आपको आराम से बैठने में सक्षम होने के लिए लचीला होना चाहिए और शांत होने के लिए अपनी सांस को नियंत्रित करने की क्षमता भी होनी चाहिए।

## गिल टेस्ट में आक्रामकता पर अंकुश लगाएं : गावस्कर

**सेंचुरियन।** अपने समय के दिग्गज टेस्ट बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट की तुलना में टेस्ट में अंतर होता है और इस प्रारूप में बेहतर करने के लिए शुभमन गिल को अपनी बल्लेबाजी की आक्रामकता पर अंकुश लगाना चाहिए। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि गिल टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट की तुलना में टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं तो इसमें थोड़ा अंतर होता है। अंतर गेंद में होता है। उन्होंने कहा, लाल गेंद हवा में और पिच के बाहर भी सफेद गेंद की तुलना में थोड़ी अधिक घूमती है। यह थोड़ी अधिक उछाल भी लेती है। उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए।

## 2024 में कमाल करने के लिए तैयार है नडाल

**नयी दिल्ली।** टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल ने चोट के बाद दमदार वापसी की है। उनके साथ अभ्यास करने वाले होल्गर रूण का मानना है कि नडाल दमदार वापसी के लिए तैयार हैं। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूण ने कहा कि नडाल अभ्यास के दौरान वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल एक साल तक बाहर रहने के बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। रूण ने ऑस्ट्रेलिया में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में नडाल की जोरदार वापसी की उम्मीद जताई है। 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में मैकेंजी मैकडोनाल्ड से हारकर बाहर होने के बाद से नडाल ने किसी भी प्रकार का प्रतिस्पर्धी टेनिस नहीं खेला है। फिट होने के लिए नडाल ने फ्रेंच ओपन, यूएस ओपन और विंबलडन में भाग नहीं लिया। इस दौरान वह 20 साल में पहली बार शीर्ष 100 से भी बाहर हो गये। रूण ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से पहले नडाल के साथ अभ्यास किया था और उन्होंने ने जो खेल दिखाया उससे वह प्रभावित हुए। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चल रहा है लेकिन नडाल अपना पहला मैच दो जनवरी को डोमिनिक थिएम के खिलाफ खेलेंगे।

## मेलबर्न स्टार्स ने एडिलेड को सात विकेट से हराया

**एडिलेड।** मेलबर्न स्टार्स ने नए साल की पूर्व संध्या पर रविवार को लक्ष्य का पीछा करते हुए एडिलेड स्ट्राइकर्स पर सात विकेट की जीत हासिल की। रविवार को यहां एडिलेड ओवल में बीबीएल के 20वें मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए एडिलेड स्ट्राइकर्स ने क्रिस लिन के 42 गेंदों पर नाबाद 83 रन और मैट शॉर्ट के 32 गेंदों पर 56 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा। इसके जवाब में ब्यू वेबस्टर के 48 गेंदों पर नाबाद 66 रन, डैन लॉरेंस के 50 रन, स्टोइनिस के 19 गेंदों पर नाबाद 55 रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारी की बदौलत मेलबर्न स्टार्स ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 211 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 'अनकैप्ड' अयूब को उतारेगा पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान के तीन जनवरी से सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में 21 साल के अनकैप्ड (कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला) सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को खिलाने की उम्मीद है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक की धीमी बल्लेबाजी की आलोचना हो रही है जिससे टीम प्रबंधन ने आखिरकार अयूब को मौका देने का फैसला किया है। इस युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल आठ टी20 मैच खेले हैं जबकि उन्होंने प्रथम श्रेणी के केवल 14 मैच ही खेले हैं। श्रृंखला के पहले दो टेस्ट चार दिन के अंतर खत्म हो गए थे तो टीम प्रबंधन अयूब के साथ जोखिम लेने के लिए तैयार है।

## पीएसएल पर बोले वसीम अकरम- यह मिनी इंडियन प्रीमियर लीग की तरह है

**कराची।** महान पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने पीएसएल को पाकिस्तान का 'मिनी-आइपीएल' करार दिया। अकरम से आइपीएल और पीएसएल में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया तो बिना रुके इस सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं दोनों लीगों का हिस्सा रहा हूं। उनकी तुलना करना असंभव है, आइपीएल बहुत बड़ा है। पीएसएल पाकिस्तान में महत्वपूर्ण है, देश के लिए मिनी आइपीएल की तरह। अकरम की तुलना आइपीएल के निर्विवाद वैश्विक प्रभुत्व को उजागर करती है, जो अपने गुणवत्तापूर्ण मैचों और स्टार-स्टडेड प्लेयर लाइन-अप के लिए प्रसिद्ध है। पीएसएल, हालांकि पाकिस्तान में महत्वपूर्ण है, इसे भारतीय क्रिकेट महाकुंभ का छोटा संस्करण माना जाता है।

## भारत से पैसे लो और उन्हें विश्व कप में हराओ

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने हाल ही में आइपीएल 2024 नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 24.75 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद मिचेल स्टार्क का एक मजेदार वीडियो साझा किया था। स्टार्क आइपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उनके लिए केकेआर और गुजरात टाइटन्स ने बोली लगाई थी लेकिन अंत में केकेआर इसमें जीतने में सफल रही थी। हरभजन ने स्टार के आइपीएल अनुबंध पर एक मजेदार क्लिप साझा की। उन्होंने लिखा- सिर्फ हंसने के लिए। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में भारत की हार के बाद हरभजन सिंह ने राष्ट्रीय चयनकताओं पर निशाना साधा था। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। हरभजन ने कहा था कि पुजारा विराट कोहली की तरह हैं और अनुभवी स्टार पर भरोसा न दिखाने के लिए प्रबंधन को लताड़ लगाई।

# हॉकी इंडिया ने 5 एस विश्वकप के लिए महिला और पुरुष टीम की घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी एफआइएच हॉकी 5एस विश्वकप के लिए रविवार को महिला और पुरुष टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने रविवार को यहां कहा कि सिमरनजीत सिंह पुरुष और रजनी इतिमारपु महिला टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि हॉकी 5 एस महिला विश्वकप 24 से 27 जनवरी तक तथा पुरुषों की प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमारपु करेंगी और उप कप्तान डिफेंडर महिमा चौधरी को बनाया गया है। दूसरे गोलकीपर के रूप में बंसारी सोलंकी और डिफेंडर के रूप में अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री शामिल हैं। मिडफील्डरों में मारियाना कुजूर और मुमताज खान को नामित किया गया है जबकि अजमीना कुजूर, रुताजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग को फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। एफआइएच हॉकी 5 एस महिला विश्वकप 2024 में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। भारतीय महिला टीम को नामीबिया, पोलैंड और अमेरिका के साथ पूल सी में रखा गया है। पूल ए में फिजी, मलेशिया, नीदरलैंड और मेजबान ओमान हैं जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया हैं और पूल डी में न्यूजीलैंड, पराग्वे, थाईलैंड और उरुग्वे है। टीम के चयन पर कोच सौंदर्या ने कहा, टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके पास पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और हॉकी 5 के विश्वकप जैसे प्रतिष्ठित आयोजन में खेलने की चुनौतियों की समझ है। हम अच्छी तरह से तैयार हैं और टूनामेंट से पहले उत्साहित हैं। इस बीच भारतीय पुरुष टीम में अनुभवी फारवर्ड सिमरनजीत सिंह, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, डिफेंडर मनदीप मोर के साथ टीम का नेतृत्व करेंगे। गोलकीपर सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार चौहान, डिफेंस में मंजीत के साथ मंदीप मोर भी शामिल होंगे। मिडफील्ड में मोहम्मद राहील मौसीन और मनिंदर सिंह हैं जबकि फारवर्ड लाइन में कप्तान सिमरनजीत के साथ पवन राजभर, गुरजोत सिंह और उत्तम सिंह शामिल हैं। भारतीय टीम पूल बी में है और नॉकआउट दौर में जगह बनाने के लिए मिस्त्र, जमैका और स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगी। पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड हैं और पूल सी में ऑस्ट्रेलिया, केन्या, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो हैं जबकि पूल डी में फिजी, मलेशिया, ओमान और अमेरिका शामिल हैं। पुरुष टीम के बारे में कोच सरदार सिंह ने कहा, हमने हॉकी के इस रोमांचक प्रारूप के लिए युवाओं और अनुभव के साथ एक बहुत ही संतुलित टीम चुनी है। इस टीम में कई खिलाड़ियों के पास पहले से ही इस प्रारूप को खेलने का अनुभव है और वे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमने इस टूनामेंट के लिए कड़ी मेहनत की है और पोडियम पर पहुंचने के लिए उत्सुक हैं।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

## तेजपुर विवि के 21वें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री बोले- हथियारों के आयात पर लगाया गया बैन

एजेंसी

**शोणितपुर (असम)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में एक रणनीतिक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू, रक्षा, औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक मजबूत आधार विकसित कर रही है। इसी के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार सभी प्रयास कर रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को शोणितपुर जिला मुख्यालय शहर तेजपुर में तेजपुर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय के उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहली बार हथियारों



के आयात को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी कीं, जिसके तहत 509 ऐसे रक्षा उपकरणों की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब स्वदेशी रूप से किया जाएगा। इसके अलावा, हमने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची भी जारी की है, जिसमें 4,666 वस्तुओं की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब हमारे देश में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा निर्यात का कुल मूल्य, जो 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपये था, 2022-23 में लगभग 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। राजनाथ सिंह ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वर्तमान सरकार के सक्रिय रवैये के बारे में विस्तार से बताया। विश्वसनीयता के संकट को आत्मविश्वास की संस्कृति से बदलने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत अब रहने दो दृष्टिकोण के प्रति सहिष्णु नहीं है। आज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आओ-करें दृष्टिकोण में विश्वास करता है। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने सेना सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। आज देश में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। लड़ाकू विमानों से लेकर चंद्रयान तक ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें महिलाओं की उपस्थिति न देखी गई हो। देश को विकसित भारत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, भारत को आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बनाने का विचार प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमताओं में विश्वास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, हमारी सरकार ने स्टार्ट-अप संस्कृति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया है। रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में मंत्रालय की ओर से शुरू की गई स्टार्टअप संस्कृति का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस स्थापना के बाद से ही नवीन विचारों को सफलतापूर्वक बढ़ावा दे रहा है।

## इसरो आज करेगा एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट लांच

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ब्लैक होल जैसे अंतरिक्ष के घटनाक्रम को समझने के लिए अपना पहला एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट सोमवार को लांच करेगा। इससे पहले अक्टूबर में इसरो ने गगनयान के टेस्ट व्हीकल डी1 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसरो के अनुसार, एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट का प्रक्षेपण प्रथम लॉन्च-पैड, एसडीएससी-शार, श्रीहरिकोटा से 01 जनवरी को सुबह 09:10 बजे निर्धारित किया गया है। मिशन लांच को लाइव देखा जा सकता है। इसरो का कहना है कि इसका उद्देश्य चरम स्थितियों में चमकीले खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता का अध्ययन करना है।



विभिन्न खगोलीय स्रोतों जैसे ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारे, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर पवन निहारिका आदि का उत्सर्जन तंत्र जटिल भौतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होता है और इसे समझना चुनौतीपूर्ण है।

## मोदी रोको की रट लगाया है घमंडिया गठबंधन ने : नड्डा

### देश को पीछे की ओर खींचने वालों के बीच चल रही है स्पर्धा

एजेंसी

**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को लखनऊ के बुद्धेश्वर मंदिर के निकट मां कृपा लॉन में विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग किया। जेपी नड्डा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन मोदी रोको –मोदी रोको की रट लगाये है। विपक्ष देश को पीछे खींचने वाली ताकत के रूप में काम कर रहा है। आज देश को आगे ले जाने वालों और देश को पीछे की ओर खींचने वालों के बीच स्पर्धा चल रही है। जहां इंडी अलायंस मोदी रोको की रट लगाए है, वहीं हमारी स्पर्धा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को आगे ले जाएं। जिन लोगों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी, आज वो भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। जिन्होंने देश की जनता के साथ अपने शासन काल में अन्याय ही अन्याय किया, वो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। जो परिवार से बाहर किसी की कल्पना नहीं करते थे, वो अचानक देश की बात कर रहे हैं। श्री नड्डा के कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर 15 नवंबर को झारखंड के रांची से इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रारंभ किया था। यह यात्रा लगभग 2.5 लाख पंचायतों से और लगभग 3600 नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत से गुजरते हुए 25 जनवरी को समाप्त होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि देश का कोई भी लाभार्थी इससे वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार हर पंचायत, निगम, वार्ड में पहुंच कर आम जनमानस को



यह याद कराने का प्रयास कर रही है कि सरकार की सभी यह सुविधाएं व योजनाएं उनके लिए है और वह इससे वंचित न रहें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट है, अगर विकसित भारत की ओर हमें बढ़ना है तो सर्वप्रथम हमारे गांव आबाद होने चाहिए, देश-प्रदेश में गरीबी नहीं होनी चाहिए, युवा प्रगति की ओर अग्रसर होना चाहिए, महिलाएं और किसान सशक्त होने चाहिए और तीव्रता से आगे बढ़ने चाहिए। यह सारी योजनाओं से गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, आदिवासी और अनुसूचित जाति के भाई, महिला, युवा और किसान वंचित न रह जाए इसका ध्यान रखा जाता है। इन सबके सशक्तिकरण से ही देश विकसित होता है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी सुविधाओं से कोई वंचित न रह जाए और सारी सुविधाएं एक स्थान पर मिल सके।

## इस साल गणतंत्र दिवस परेड में नहीं दिखेंगी पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली की झांकियां

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इस बार कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को निकलने वाली गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली की झांकियां नहीं दिखेंगी। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को साफ किया है कि इन राज्यों की झांकियों का गणतंत्र दिवस की थीम के अनुरूप न होने की वजह से चयन नहीं किया गया है। इस बार जिन राज्यों की झांकियों को नहीं चुना गया है, उन्हें 23-31 जनवरी के दौरान लाल किला पर होने वाले 'भारत पर्व' में अपनी झांकी प्रदर्शित करने का मौका दिया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल की झांकियों को शामिल न किये जाने के बावत रक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया कि झांकियों का चयन करने के लिए, पहले से ही एक प्रणाली है, जिसके अनुसार रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी), केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से झांकी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

### तीनों राज्यों से मिले झांकी प्रस्ताव गणतंत्र दिवस थीम के अनुरूप नहीं : रक्षा मंत्रालय



झांकी के लिए मिले प्रस्तावों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति की कई दौर की बैठकों में किया जाता है। इस समिति में कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, कोरियोग्राफी आदि के क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले तीन दौर में पंजाब की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। तीसरे दौर की बैठक के बाद पंजाब की झांकी को इस बार के विषयों के अनुरूप नहीं होने के कारण प्रस्ताव को आगे विचार के लिए आगे नहीं बढ़ाया जा सका। इसी तरह विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले दो दौर में पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। दूसरे दौर की बैठक के बाद पश्चिम बंगाल के प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। मंत्रालय की ओर से बताया गया कि पंजाब की झांकी को 2017 से 2022 तक छह बार, जबकि बंगाल की झांकी को 2016, 2017, 2019, 2021 और 2023 में यानी पांच बार गणतंत्र दिवस परेड के लिए चुना गया था। रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि देश के सभी राज्यों के साथ समान व्यवहार किया जाना है, इसलिए यह आवश्यक है कि अन्य राज्यों को भी अपनी झांकियां प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाना चाहिए। भारत सरकार सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल करने के लिए तीन साल का कार्यक्रम तैयार कर रही है, जिसे उन सभी के साथ साझा किया जाएगा।

## संगीतकार व तबला वादक भवानी शंकर का निधन



**मुंबई।** मशहूर संगीतकार और तबला वादक पंडित भवानी शंकर का दिल का दौरा पड़ने से मुंबई स्थित आवास पर निधन हो गया। 67 वर्षीय भवानी शंकर ने शनिवार की देर रात आखिरी सांस ली। उनके निधन से मनोरंजन और संगीत जगत में शोक छा गया है। पंडित भवानी शंकर भारतीय शास्त्रीय संगीत की महान हस्तियों में से एक थे। 30 दिसंबर को भवानी शंकर की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उनके सीने में दर्द की शिकायत के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर परिजन अस्पताल ले जाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनका निधन हो गया। पंडित भवानी शंकर के निधन से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तबला वादक भवानी शंकर के निधन की खबर से म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक फैल गया है। भवानी शंकर का जन्म वर्ष 1956 में एक संगीत परिवार में हुआ था। शंकर ने 8 साल की उम्र से तबला बजाना सीखा। उन्होंने अपनी साधना से भारत के प्रसिद्ध तबला वादकों के जगह बनाई।

## 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष बने पनगढ़िया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अरविंद पनगढ़िया को अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन कर दिया है। इस संबंध में रविवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। सरकार ने राष्ट्रपति की मंजूरी से संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया है। आयोग एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि को कवर करते हुए, अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक देगा। आयोग के सदस्यों को लेकर अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी। ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है। अधिसूचना में सोलहवें वित्त आयोग के संदर्भ की शर्तें भी दी गई हैं। आयोग संघ और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय के वितरण, भारत की संचित निधि से राज्यों के राजस्व की सहायता अनुदान और



राज्यों को उनके राजस्व की सहायता अनुदान के माध्यम से भुगतान की जाने वाली राशि, राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों के पूरक के लिए राज्य की समेकित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय आदि को लेकर सिफारिशें करेगा। आयोग आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) के तहत गठित निधियों के संदर्भ में, आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है और उस पर उचित सिफारिशें कर सकता है।

## बॉबी के गाने जमाल कुडु पर धर्मेंद्र ने किया डांस

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई है। एनिमल के डायलॉग्स और सीन्स की तरह इस फिल्म के गानों ने भी दर्शकों को दीवाना बना दिया। इस फिल्म में बॉबी देओल का एंट्री का गाना जमाल कुडु खूब वायरल हुआ था। यहां तक कि कई मशहूर हस्तियां भी इस गाने पर रील बनाने का मोह नहीं रोक पाईं। सनी देओल ने भी बॉबी देओल के इस गाने पर रील बनाई गई थी। अब धर्मेंद्र ने बेटे के इस गाने जमाल कुडु पर डांस किया है।

धर्मेंद्र बिग बॉस-17 के नए प्रोमो वीडियो में दिखाई दिए। बिग बॉस के मंच पर धर्मेंद्र और सलमान ने जमाल कुडु गाने पर डांस किया। बेटे के गाने पर धर्मेंद्र ने रैप किया। सलमान ने बॉबी देओल के अंदाज में सिर पर गिलास लिया और जमाल कुडु पर डांस किया।



सलमान और धर्मेंद्र के साथ अरबाज, सोहेल ने भी डांस किया। बिग बॉस से उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बॉबी देओल ने दिल वाला इमोजी पोस्ट कर कमेंट किया है।

## 4 जनवरी को ओटीटी पर रिलीज होगी 'हाय नन्ना'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता नानी और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म हाय नन्ना 04 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। शौरयुव निर्देशित 'हाय नन्ना' 07 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'हाय नन्ना' अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म को 04 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है। ओटीटी पर हाय नन्ना को हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में देखा जा सकता है। हाय नन्ना में मृणाल ठाकुर और नानी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म में चाइल्ड आर्टिस्ट कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकार सहायक भूमिका में हैं।

## सालार ने नौ दिन में कमाये 329.62 करोड़

मुंबई। प्रभास की फिल्म सालार बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई कर रही है। इस फिल्म को दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। सालार ने रिलीज के 9वें दिन भी करोड़ों की कमाई की है। फिल्म सालार 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैकनिलक की ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 90.70 करोड़ रुपये की कमाई की। यह फिल्म साल की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। 'सालार' ने रिलीज के दूसरे दिन 56.35 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 62.05 करोड़ रुपये, चौथे दिन 46.30 करोड़ रुपये, पांचवें दिन 24.90 करोड़, छठे दिन 15.10 करोड़, सातवें दिन 13.50 करोड़ और आठवें दिन 10.00 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। रिलीज के 9वें दिन 12.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। सालार' अब तक 9 दिनों में 329.62 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

## एक नजर में

### नेपाल में मानव तस्करी का भंडाफोड़





काठमांडू। नेपाल सरकार के प्रतिबंध के बावजूद राजधानी काठमांडू में मानव तस्करी के गोरखधंधा का खुलासा हुआ है। यह धंधा कुछ चीनी नागरिकों के जरिये चलाया जा रहा है। नेपाली युवाओं को रूस भेजने के नाम पर बाकायदा उनका फिजिकल टेस्ट लिया जा रहा है। राजधानी काठमांडू के सिनामंगल क्षेत्र में फिजिकल टेस्ट देने वाले युवाओं की भारी भीड़ देखी जा सकती है। पत्तिबढ़ होकर करीब पांच हजार युवा अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। यहां ह्यसिनोपेक इंजीनियरिंग ग्रुप रसिया लिखा हुआ बैनर टंगा है, लेकिन भीतर परीक्षा लेने वाले पांच चीनी नागरिक हैं। मुख्य द्वार के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि रूस की किसी कंपनी के माध्यम से नेपाली युवाओं को सिक्युरिटी गार्ड के रूप में भर्ती किया जा रहा है। हाथ में कुछ कागज, शैक्षिक योग्यता का प्रमाणपत्र हेल्थ सर्टिफिकेट लेकर पंक्तिबद्ध खड़े युवाओं की उम्र 18 से 30 वर्ष बीच दिख रही थी। इनमें अधिकतर युवा 25 से कम उम्र के थे। इस चीनी कंपनी के नेपाली प्रतिनिधि ने बताया कि तीन सौ कामगारों की आवश्यकता थी, जिसके लिए दस हजार लोगों ने फार्म भरा है। जब उनसे पूछा गया कि नेपाल से रूस में किसी भी काम के लिए जाने पर सरकार ने प्रतिबन्ध लगाया हुआ है तो इस पर जवाब मिला कि चीनी कंपनी ने नेपाल सरकार से अनुमति ले रखी है। रूस में नौकरी पाने के इच्छुक युवकों ने बताया कि रूस की इस कंपनी में 600 अमेरिकी डॉलर प्रति महीने सैलरी बताई गई है। युवाओं ने यह भी खुलासा किया कि नौकरी लेने के लिए पहले कंपनी वालों को 5 लाख रुपये एडवांस में देना होगा। सेलेक्शन होने के तीन महीने बाद ही उन्हें रूस भेजा जाएगा। जांच के नाम पर युवाओं से बालू से भरी बोरियां उठाने को कहा जा रहा है। अब तक पांच सौ से अधिक युवाओं को शारीरिक परीक्षण में उत्तीर्ण करके फाइनल मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

### कोलंबिया विवि में फिलिस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन





**न्यूयॉर्क।** गाजा पट्टी में छिड़ी लड़ाई की वजह से साल के आखिरी तीन महीने कोलंबिया विश्वविद्यालय और अन्य अमेरिकी महाविद्यालयों पर भारी पड़े। इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के बीच छिड़ी जंग की लपटें इन शिक्षण संस्थानों को झुलसाती रहीं। कभी इजराइल तो कभी फिलिस्तीन समर्थक विद्यार्थी समूह प्रदर्शन करते रहे। इससे इससे विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन सुचारू रूप से नहीं हो सका। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस वजह से कई हफ्ते तक कोलंबिया विश्वविद्यालय और अन्य परिसरों में तनाव रहा। एक यहूदी छात्र ने कहा कि बंधकों के पोस्टर लगाने के बाद उस पर हमला किया गया। इजराइल और फिलिस्तीन समर्थक छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले से शिक्षण कार्य चरमरा गया। हार्वर्ड और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में भी कुछ हफ्ते तक तनाव रहा। इस टकराव में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी और हार्वर्ड अध्यक्ष कई हफ्तों तक विवादों में घिरे रहे। नवंबर में कोलंबिया विश्वविद्यालय प्रशासन ने असाधारण निर्णय लेते हुए दो फिलिस्तीनी समर्थक छात्र समूहों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।

### ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का निधन



**वाशिंगटन।** ब्रिटिश अभिनेता टॉम विल्किंसन का शनिवार को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। टॉम के परिवार ने इसकी पुष्टि की। टॉम को दो बार ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया। वह 'द फुल मोंटी', 'माइकल क्लेटन' और 'द बेस्ट एक्सोटिक मैरीगोल्ड होटल' में अपनी शानदार भूमिका के लिए जाने जाते हैं। द गार्डियन ने रिपोर्ट में उनके परिवार के बयान पर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि विल्किंसन की शनिवार को घर पर मृत्यु हो गई। उनके अंतिम समय पर पत्नी और परिवार के सदस्य साथ मौजूद थे। द फुल मोंटी में विल्किंसन के सह-कलाकार रॉबर्ट कार्लाइल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'इतना बड़ा कलाकार, एक वास्तविक टाइटन अभिनेता, न केवल अपने, बल्कि किसी भी पीढ़ी के महानतम लोगों में से एक। अभिनेता एन्यूरिन बर्नार्ड ने एक्स हैंडल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। बर्नार्ड 2018 की फिल्म डेड इन ए वीक (ऑर योर मनी बैक) में विल्किंसन के साथ अभिनय कर चुके हैं। उन्होंने लिखा, 'हमारी अद्भुत किंवदंतियों में से एक जिसे हम अलविदा कहते हैं। अभी के लिए अलविदा टॉम एक्स।' गायक विल यंग ने इंस्टाग्राम पर लिखा,अलविदा दोस्त। मजाकिया, बेहद स्मार्ट। मैं तुम्हें सलाम करता हूं प्रिय टॉम।' विल्किंसन को 2001 में पारिवारिक ड्रामा 'इन द बेडरूम' में शानदार भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में एकेडमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। 2007 में जॉर्ज क्लूनी अभिनीत फिल्म 'माइकल क्लेटन' में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में नामांकन मिला था।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !